सुप्रभात

रांची, मंगलवार

30.01.2024

* नगर संस्करण । पेज : 16

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, पंचमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 197




16 रणबीर और आलिया को मिला सर्वश्रेष्ठ फिल्मफेयर अवॉर्ड



THE PATHSHALA

The PathShala
JEE MAIN / JEE ADVANCED, OLYMPIAD, NTSE

Bio शाला
For NEET/Medical

Every Child Matters ! The PathShala Cares !!

Our Star Performers



Deeptendra Banerjee
AIR - 21
ISI Kolkata

Samridhi Sahay
AIR - 1901
JEE Advanced

Aditya Raj
AIR - 1475
JEE Advanced

Dhariya Singh
Qualified RMO
Selected for INMO

All The Best For JEE Main Jan 2024

ADMISSION ANNOUNCEMENT

For New Session 2024-2025

Admission Open for
Jee Main, Jee Advanced, NEET
Foundation, Olympiad, NTSE
VIII, IX, X, XI, XII, & XII Pass

To Register For Scholarship
• Scan QR code and Download APP My Scholarship.ThePathShala
• Register at website scholarship.thepathshala.net

Admission cum Scholarship Test

For Student in Class VII, VIII, IX, X, XI

Conducted on 2nd Sunday and 4th Sunday of each Month | Get Upto 100% Scholarship and Cash Reward Upto ₹ 2 Lakhs

A team of Ex-Faculties FIITJEE, Ranchi



PDK Sir (Physics) | PSS Sir (Physics) | CAB Sir (Chemistry) | CAM Sir (Chemistry) | MAP Sir (Maths) | MSP Sir (Maths)

EX. HOD, FIIT JEE, Ranchi | EX. Mentor, FIIT JEE, Ranchi | EX. Mentor, FIIT JEE, Ranchi | EX. HOD, FIIT JEE, Ranchi | EX. Mentor, FIIT JEE, Ranchi | EX. HOD, FIIT JEE, Ranchi

Win CASH PRIZES every Week
Via Online (from Home) Quiz- Every Week
( Test Syllabus : Syllabus of your respective class as informed in Whats App group)
1st Prize-Rs 501, 2nd Prize-Rs 251, 3rd Prize-Rs 151
Prize transfer online via Phone Pay/G Pay / UPI

Scan QR Code to attend cash prize quiz... (Will be added to WhatsApp group where Test Link will be sent)

Class-12 | Class-11 | Class-10 | Class-9 | Class-8 | Class-7

5th Floor, Akash Complex, Doranda, 9771655056 | 408, 4th Floor, Hari Om Tower, Lalpur, 9771654536

# मुख्यमंत्री प्रोटोकॉल तोड़ चुपके से हुए फरार : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को कहा कि ईडी के डर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पिछले 18 घंटे से दिल्ली वाले मुख्यमंत्री आवास से फरार हो कर भूमिगत हो गये हैं। बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सोरेन जी और उनके साथ दिल्ली गया स्पेशल ब्रांच का सुरक्षाकर्मी अजय सिंह भी गायब है। इन दोनों का मोबाइल भी बंद है। गायब होने के बाद से उन्हें ईडी और दिल्ली पुलिस ढूंढ रही है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा के साथ इतनी बड़ी लापरवाही का कोई दूसरा उदाहरण नहीं हो सकता? बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इससे चिंताजनक और क्या हो सकता है कि संवैधानिक पद पर बैठा मुख्यमंत्री प्रोटोकॉल तोड़ कर फरार हो जाये। उन्होंने सवाल उठाते हुए भी पूछा कि मुख्यमंत्री की फरारी में राज्य का नेतृत्वकर्ता कौन है? यह संवैधानिक सवाल अहम है। राज्यपाल इसका संज्ञान लें। राज्य में विधि सम्मत कानून का राज कायम रखने के लिए समुचित कदम उठायें।

इधर, प्रदेश भाजपा की ओर से सोशल मीडिया के जरिये भी सीएम को निशाने पर लिया गया है। इसमें उन्हें लापता मुख्यमंत्री के तौर पर बताया है। कहा है कि देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ होगा।

## सीएम आखिर क्यों हुए फरार : आदित्य साहू

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री व सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि झामुमो अपराधी और न्यायाधीश, दोनों की भाषा बोल रहा है। राज्य की जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि आखिर मुख्यमंत्री भागे भागे क्यों फिर रहे हैं। जब झामुमो यह मानता है कि ईडी ने मुख्यमंत्री से जो सवाल पूछे, उसका पूरी तरह मुख्यमंत्री ने सामना किया और जवाब भी दिया तो फिर आगे के सवालों से भागने की क्या जरूरत है? आखिर अब क्यों मार्च तक समय की कमी बतायी जा रही थी। मुख्यमंत्री को तो राज्य के हालात और जनता की अपेक्षाओं को देखते हुए अविलंब ईडी प्रकरण पर विराम लगाना चाहिये। उन्होंने कहा कि भारत की संवैधानिक व्यवस्था के तहत ही ईडी अपनी कार्रवाई कर रही है।

### जेएमएम ने राज्यपाल को चौहद्दी में रहने की दे डाली नसीहत, कहा

# रांची लौट कर 31 जनवरी को इडी के साथ बैठेंगे सीएम हेमंत, देंगे जरूरी जानकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो ने भरोसा जताते कहा है कि 31 जनवरी को सीएम हेमंत सोरेन रांची में होंगे। साथ ही जिन जरूरी जानकारियों की आस में ईडी है, उसे उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को कैंप कार्यालय, रांची में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 20 जनवरी को सहायक आयुक्त के नेतृत्व में इडी की सात सदस्यीय टीम कुछ जानकारियों के लिए सीएम हाउस आई थी। उन्होंने कहा कि 17-18 सवाल सीएम से किये गये थे। तथा कथित विसंगतियों की ओर इशारा करते वे जानकारी मांग रहे थे।

हालांकि पूर्व में जो समन उन्हें जारी किया था, उसमें पीएमएलए की धारा-50 के तहत यह नहीं आता। बड़गाईं जमीन के बारे में पूछा। इसका पता पूर्व में लगाया था तो यह बात सामने आयी थी कि यह तो भुईंहरी प्रवृत्ति की जमीन है जिसकी खरीद-बिक्री संभव नहीं। इस पूछताछ के बाद भी सीएम को 31 जनवरी तक कुछ बिंदुओं पर जानकारी के लिए इडी की ओर से कहा गया। इसमें दिक्कत नहीं है जो भी जानकारी चाहिये, दी जायेगी। सुप्रियो के मुताबिक अभी सीएम निजी काम से दिल्ली गये हैं। इस बार भी सीएम ने 31 जनवरी को सीएम हाउस में आने और जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही है।



**राज्यपाल अपनी चौहद्दियों को समझें :** मीडिया के सवालों पर सुप्रियो ने कहा कि राज्यपाल किसी पार्टी के प्रवक्ता एमडी नहीं होते। उन्हें अपनी चौहद्दियों का पता रहना चाहिये। राजनीतिक दलों की भी अपनी चौहद्दी होती है। राज्य में पिछले 2-3 दिनों से राजनीतिक परिस्थिति को जिस तरह से तेज किया जा रहा है, यह लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। सूत्रों के हवाले से मिली खबरों के आधार पर मीडिया भी राज्य का माहौल को खराब ना होने दें। ध्यान रहे कि आधारहीन खबरें ना चले।

**राजनीतिक शह पर हो रहा खेल :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव आयोग के पास लोक प्रतिनिधियों से संबंधित जानकारियां रहती हैं, पर इडी उसे आधार नहीं बना रही। सोहराय भवन, रांची के अलावा 2018-2022 की अवधि में हुए ट्रांजेक्शन का रिकॉर्ड भी मांगा गया था। यह भवन सीएम की धर्मपत्नी के नाम पर है। जब कहीं से कोई चीज नहीं बनी तो राजनीतिक इशारे पर सीएम को परेशान करने का खेल चल रहा. सब जानते हैं कि सीएम का प्रोग्राम कुछ जरूरी असाइनमेंट को छोड़ 1-3 माह तक का पूर्व से तय रहता है।


**Office of Executive Engineer**
**Rural Development Special Division , Ramgarh**
2nd Floor, Block "B", Collectorate Ramgarh, Chatarmandu, Ramgarh- 829122
Email: rdsdramgarh@rediffmail.com, website: www.ramgarh.nic.in

Tender Reference No: - EOI-01/RDSD/RAMGARH/2023-24 Date:- 29.01.2024

**-: Short Tender Notice :-**

| Sl. No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Library in Panchayat Bhawan (02 Unit) Location of the Project Area Gram Panchayat Hariharpur & Pali in Patratu Block, Dist- Ramgarh Under Rurban Scheme |
| 2 | Period of Work | 01 Month |
| 3 | Date of Publication of Bid on website | Date – 01.02.2024 |
| 4 | Tender Cost | Rs. 5000.00 in the form of DD in favour of Executive Engineer, Rural Development Special Division , Ramgarh |
| 5 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | Rs. 47000.00 in the form of TD/NSC/FD (Valid for at least 01 Years from the last date of submission of the bid) duly pledged in the favour of Executive Engineer Rural Development Special Division , Ramgarh. |
| 6 | Last date and time of receipt of Bid | Date : 16.02.2024 Time : 01:00 PM |
| 7 | Date and time of opening of Bid | Date : 16.02.2024 Time : 03:00 PM |
| 8 | Bid submission Place | Office of Executive Engineer, Rural Development Special Division, Ramgarh, "B" Block, 2nd Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-829122 |
| 9 | Bid Opening Place | Office of Executive Engineer, Rural Development Special Division, Ramgarh, "B" Block, 2nd Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-829122 |
| 10 | cost of Bid | Rs.- 461000/- |

Sd/-
Executive Engineer
Rural Development Special Division,
Ramgarh

PR 317245 (Rural Work Department) 23-24 (D)



**ऊर्जा विभाग**
**झारखण्ड सरकार**
**विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, रॉंची**

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/83/2023-24 दिनांक– 29/01/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | रिम्स, रॉंची स्थित B1 (ऑर्थो वार्ड) D1 (डेंगु वार्ड) एवं D2 और आर्थो वार्ड) भूतल तल्ला में विद्युत अधिष्ठापन का कार्य। | 28,27,490=00 | 5,000=00 | 57,000=00 | 45 दिन |
| II | रिम्स, रॉंची स्थित D1, D2 एवं C2 वार्ड (द्वितीय तल्ल) मे विद्युत अधिष्ठापन का कार्य। | 28,92,867=00 | 5,000=00 | 58,000=00 | 45 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 05.02.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 06.02.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 12.02.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 13.02.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉंची

PR 317232 Energy(23-24).D



**कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रॉंची**
(जिला योजना)
(E-mail : ranchi.dpo@gmail.com)

ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)
(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)
(Very Short term Tender Notice)

DMFT मद से रॉंची जिला के बुढ़मू प्रखंड अन्तर्गत ओझासाड़म पंचायत के ग्राम–साड़म के कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय, बुढ़मू में Turnkey आधार पर बंक बेड (गद्दा सहित) की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु प्रतिष्ठित कम्पनी/संस्थानों/फर्म या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **08/02/2024** के **11.30** बजे पूर्वा0 तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है। बंक बेड (गद्दा सहित) की निर्धारित संख्या में कमी या बढ़ोत्तरी का अधिकार जिला प्रशासन के पास सुरक्षित रहेगा।

"ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश रॉंची जिला के वेबसाईट **www.ranchi.nic.in** पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में **दिनांक 08/02/2024 के 12.30 बजे (अपराह्न)** जिलास्तरीय क्रय एवं मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वित्तीय बीड़ खोला जायेगा। इसके पश्चात् प्रस्ताव का Power Point Presentation प्रस्तावकों द्वारा क्रय समिति/मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रदर्शित किया जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 9608135911/9905157400 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, रॉंची।

PR 317225 (Ranchi) 23-24 (D)



**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़**

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 11/2023-24 दिनांक 29.12.2023, जिसका PR No. 314760 Drinking Water and Sanitation(23-24).D है एवं शुद्धि पत्र जिसका PR No. 315494 Drinking Water and Sanitation(23-24).D, PR No. 316659 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D जो Restructuring & Augmentation Of South Eastern Part Of Gola Block (Barlanga Village) Rural Piped Water Supply Scheme 2023-24 से संबंधित है, को निम्नलिखित रूप से संशोधित किया जाता है।

| क्र0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 29.01.2024 समय 05.00 बजे अपराह्न तक | 15.02.2024 समय 05.00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 09.02.2024 समय 05.00 बजे अपराह्न तक | 27.02.2024 समय 05.00 बजे अपराह्न तक |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 09.02.2024 समय 05.00 बजे अपराह्न तक | 27.02.2024 समय 05.00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 10.02.2024 समय 02.00 बजे अपराह्न | 28.02.2024 समय 02.00 बजे अपराह्न |

नोट:–शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़

PR 317257 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D


# सजायाफ्ता एलबी सिंह पर मेहरबानी के चक्कर में फंस गए दो अवर सचिव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शिक्षा विभाग के दो तत्कालीन अवर सचिव सजायाफ्ता तत्कालीन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पेटरवार, बोकारो लाल बहादुर सिंह पर मेहरबानी करने के चक्कर में फंस गये हैं। इनमें एक अफसर अरविंद कुमार सिंह अभी खाद्य आपूर्ति विभाग में उप सचिव पद पर पदस्थापित हैं। वहीं, दूसरे राजेंद्र प्रसाद राजेश अप्रैल 2023 में ही रिटायर हो चुके हैं। इन दोनों अधिकारियों पर तत्कालीन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पेटरवार लाल बहादुर सिंह को सजायाफ्ता की तिथि 13 अक्टूबर 2018 से दिनांक 15 सितंबर 2021 तक अनुमान्यता से अधिक अनुचित रूप से भुगतान के लिए गलत प्रस्ताव देकर आदेश निर्गत कराने ओर अधिक राशि का भुगतान करने, सजायाफ्ता व्यक्ति को अनुचित लाभ पहुंचाने, अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर प्रस्ताव देने संबंधी गंभीर आरोप है।

**जांच में प्रथम दृष्टया ये आरोप प्रमाणित :** जांच में प्रथम दृष्टया ये आरोप प्रमाणित हुआ हुआ है।

### स्पेशल ब्रांच ने कहा

## सीएम पर कार्रवाई को लेकर बीजेपी व केंद्र सरकार के दफ्तरों पर हो सकता है हमला!

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दिल्ली में सीएम आवास पर इडी की कार्रवाई के बाद झारखंड में पूरा प्रशासनिक अमला हाई अलर्ट पर है। इस दौरान राजधानी रांची समेत अन्य जिले में किसी प्रकार की विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हो। इसको लेकर स्पेशल ब्रांच के द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। स्पेशल ब्रांच के द्वारा सोमवार को झारखंड के सभी जिले के डीसी एसपी को पत्र लिखा गया है। लिखे पत्र में कहा गया है, कि ईडी के द्वारा सीएम हेमंत सोरेन को बार-बार समन भेजे जाने और बेवजह परेशान करने को लेकर जेएमएम और उनके घटक दल के कार्यकताओं, समर्थकों द्वारा विरोध स्वरूप झारखंड राज्य के सभी जिलों में पार्टी कार्यालय, विभिन्न चौक-चौराहों पर धरना-प्रदर्शन, जुलूस निकाले जाने की बात कही गयी है। राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित विपक्षी दलों के पार्टी कार्यालय, आवास, वाहनों के साथ-साथ केन्द्र सरकार के कार्यालयों पर हमला कर क्षति पहुंचाने की बात भी कही गयी है। रिपोर्ट में विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने की बात कही गयी है।

### चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा

## युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही जेएमएम सरकार

**रांची।** पेपर लीक मामले पर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में कथित तौर पर पेपर लीक ने एक बार फिर जेएमएम सरकार के काम करने के तरीके और युवाओं के प्रति संवेदनशीलता की कलाई खोल कर रख दी है। नौकरी का झूठा वादा कर सत्ता में आने वाली इस सरकार ने सबसे अधिक राज्य के युवाओं को छलने का काम किया है। आज इनकी गलत नीतियों के चलते छात्रों का भविष्य अधर में लटका है। उन्होंने कहा कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। अब माफी का समय तो नहीं है फिर भी मुख्यमंत्री को अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए।

### हाईकोर्ट ने हजारीबाग जिला प्रशासन को दिया निर्देश

# 4 सप्ताह में प्रार्थी को दें एक लाख रुपए, जुर्माना की राशि जिम्मेवार अधिकारी के वेतन से वसूलें

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हजारीबाग के बिंदेश्वरी पथ स्थित शैलेंद्र कुमार गुप्ता की रैयती जमीन पर हजारीबाग नगर निगम द्वारा नाली बनाए जाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में हजारीबाग के उपायुक्त, एसडीओ, नगर आयुक्त हाई कोर्ट में हुए सशरीर उपस्थित हुए। हाईकोर्ट ने हजारीबाग जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि वह जुर्माना के रूप में प्रार्थी को चार सप्ताह में एक लाख रुपए की राशि का भुगतान करें। जुर्माना की यह राशि उस अधिकारी के वेतन से वसूली जाए, जिसने प्रार्थी की जमीन को बिना अधिग्रहण किए उसपर नाली बना दिया। कोर्ट ने प्रार्थी के जमीन को नाली बनाए जाने पर उस जमीन के अधिग्रहण को लिए 12 सप्ताह में करीब 13 लाख रुपए का मुआवजा राशि का भुगतान प्रार्थी को करने का निर्देश हजारीबाग जिला प्रशासन को दिया है।

दरअसल, हजारीबाग जिला प्रशासन के द्वारा शैलेंद्र कुमार गुप्ता की जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया और उनकी जमीन पर हजारीबाग नगर निगम द्वारा नाली बना दिया गया। प्रार्थी ने नाली बनाए जाने के हजारीबाग नगर आयुक्त के आदेश को चुनौती दी है।

### निशिकांत दुबे ने कांग्रेस कोटे के मंत्री रामेश्वर उरांव को दी सलाह

# कांग्रेस डूबता जहाज, पार्टी छोड़ने का यह सही समय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने हेमंत सरकार में वित्त, खाद्य आपूर्ति मंत्री और कांग्रेस के सीनियर लीडर डॉ रामेश्वर उरांव को पार्टी छोड़ने की सलाह दी है। सोशल मीडिया (एक्स) पर इसे लेकर अपनी भावना भी जाहिर की है। कहा है कि झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मंत्री रामेश्वर उरांव जी ने नैतिक साहस दिखाया है। उन्होंने भाजपा सरकार व पहले मुख्यमंत्री बाबूलालजी को सबसे ईमानदार बताया। इसके साथ ही निशिकांत ने कहा है कि रामेश्वरजी, अब डूबते जहाज कांग्रेस को छोड़ने का सही समय है। हेमंत सोरेन जी की भ्रष्टाचारी सरकार को गिरायें। साथ ही आम जनता को राहत दें।

**रोहित प्रियदर्शी उरांव ने किया अभिवादन :** इधर, निशिकांत दुबे के एक्स पर किये गये पोस्ट पर रामेश्वर उरांव के बेटे रोहित प्रियदर्शी उरांव ने भी प्रतिक्रिया दी है। उनकी बातों पर हाथ जोड़कर अभिवादन किया है। हालांकि इसके अलावा अपनी तरफ से कुछ कहा नहीं है। इसे लेकर भी सियासी गलियारे में कई तरह की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

**क्या कहा था रामेश्वर उरांव ने :** मालूम हो कि वरिष्ठ पत्रकार श्याम किशोर चौबे की पुस्तक झारखंड : एक बेचैन राज्य का सुख का लोकार्पण 28 जनवरी को मंत्री रामेश्वर उरांव ने किया था। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी भी उपस्थित थे। मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा था कि बाबूलाल मरांडी जब अलग राज्य बनने के बाद यहां पहले सीएम बने तो यहां विकास शुरू हुआ। शासन, प्रशासन और सरकार में बेईमानी नहीं के बराबर थी। वर्तमान समय में हम काफी आगे बढ़े हैं लेकिन उतना नहीं, जितना होना चाहिए था। यदि इस राज्य को बचाना है तो यहां के आदिवासियों और मूलवासियों को बचाना होगा।

## खबर एक नजर में

### शिक्षा सचिव के प्रभार से के. रवि कुमार मुक्त

**रांची।** झारखंड सरकार ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के पद से के रवि कुमार को मुक्त कर दिया है। इसका आदेश कार्मिक विभाग ने जारी कर दिया है। बताते चलें कि के रवि कुमार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग के पद पर पदस्थापित हैं। उन्हें शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।

### दो को दिल्ली में मनरेगाकर्मी करेंगे प्रदर्शन

**रांची।** देश भर के मनरेगा कर्मी अपने लंबित मांगों को लेकर दो फरवरी को नई दिल्ली के जंतर मंतर के पास एक दिवसीय धरना देंगे। इस कार्यक्रम में झारखंड से हजारों की संख्या में मनरेगा कर्मी भी शामिल होंगे। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष माहेश्वरी ने बताया कि 18 वर्ष मनरेगा के पूरे हो गए हैं। अब भी नियमितीकरण, समान काम समान वेतन सहित कई लंबित मांगे पूरी नहीं हो सकी है। ऐसे में आठ सूत्री मांगों को केंद्र सरकार के समक्ष रखेंगे और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपेंगे।

### यूजीसी पर आरक्षण खत्म करने का आरोप

**रांची।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए ड्राफ्ट में उच्च शिक्षण संस्थान में एससी, एसटी, ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण समाप्त करने की साजिश से रची जा रही है। यह बातें सोमवार को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। श्री गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मांग की है कि यूजीसी द्वारा अनुसूचित जाति/ जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के विरुद्ध की जा रही साजिश को संज्ञान में ले और आरक्षण समाप्त करने का कुचक्र रच रहे ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई करें।

### सुधीर चौधरी का निधन अपूरणीय क्षति: राजेश

**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुधीर कुमार चौधरी के आकस्मिक निधन पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सुधीर चौधरी एक मिलनसार , संघर्षशील एवं राजनीतिक एवं सामाजिक रूप से बेहद सक्रिय व्यक्ति थे। इनके निधन से कांग्रेस पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सुधीर चौधरी के निधन से मुझे व्यक्तिगत रूप से नुकसान हुआ है मुझे लगता है कि मैंने अपना एक अभिभावक खो दिया है, इस दुख की घड़ी में मेरी पूरी संवेदना उनके परिवार के साथ है। शोक व्यक्त करने वालों में राकेश सिन्हा, रविंद्र सिंह, अमुल्य नीरज खलखो, सतीश पाल मुंजनी, सोनाल शांति, आभा सिन्हा, कमल ठाकुर, मदन मोहन शर्मा, डॉ.मोहम्मद तौसीफ, कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो, उज्ज्वल तिवारी, गोपाल उपाध्याय, अजय सिंह, रामानंद केशरी सहित अन्य शामिल हैं।

# भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों की सूची जारी

**वरूण साहू बने रांची के नये महानगर अध्यक्ष और मनोज सिंह जिला प्रभारी**





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को नवनियुक्त जिलाध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों की सूची जारी कर दी है। नई सूची में वरुण साहू को रांची महानगर का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं मनोज सिंह जिला प्रभारी होंगे। इसी तरह रांची ग्रामीण के सुरेंद्र महतो जिलाध्यक्ष और विनोद सिंह जिला प्रभारी बनाए गए हैं। खूंटी के चंद्रशेखर गुप्ता को जिलाध्यक्ष और सत्यनारायण सिंह को जिला प्रभारी, गुमला में शिव प्रसाद साहू को जिलाध्यक्ष और मनोज मिश्रा को जिला प्रभारी, सिमडेगा में लक्ष्मण बड़ाईक को जिलाध्यक्ष और बबन गुप्ता को जिला प्रभारी, लोहरदगा में मनीर उरांव को जिलाध्यक्ष और सुनीता सिंह को जिला प्रभारी, पलामू में अमित तिवारी को जिलाध्यक्ष और कालीचरण सिंह को जिला प्रभारी, गढ़वा में ठाकुर महतो को जिलाध्यक्ष और विपिन बिहारी सिंह को जिला प्रभारी, चतरा में रामदेव भोक्ता को जिलाध्यक्ष और विनय जायसवाल को जिला प्रभारी, लातेहार में पंकज सिंह को जिलाध्यक्ष और मुकेश निरंजन सिंह को जिला प्रभारी, हजारीबाग में विवेकानंद को जिलाध्यक्ष अभय सिंह को जिला प्रभारी और अशोक उपाध्याय को सह प्रभारी बनाया गया है। रामगढ़ में प्रवीण मेहता को जिलाध्यक्ष और शशि भूषण भगत को जिला प्रभारी, कोडरमा में अनूप जोशी को जिलाध्यक्ष और भैया अभिमन्यु को जिला प्रभारी, गिरिडीह में महादेव दुबे को जिलाध्यक्ष और रोहित लाल सिंह को जिला प्रभारी, धनबाद महानगर में श्रवण राय यादव को महानगर अध्यक्ष राजकुमार और श्रीवास्तव को जिला प्रभारी, धनबाद ग्रामीण में घनश्याम ग्रोवर को जिलाध्यक्ष और शैलेंद्र सिंह को जिला प्रभारी, बोकारो में जयदेव राय को जिलाध्यक्ष विनय लाल को जिला प्रभारी, जामताड़ा में सुमित शरण को जिलाध्यक्ष और निवास मंडल को जिला प्रभारी, दुमका में गौरव कात को जिलाध्यक्ष और संजीव जजवाड़े को जिला प्रभारी, पाकुड़ में अमित पांडे को जिलाध्यक्ष और अमित सिंह को जिला प्रभारी, साहिबगंज में उज्जवल मंडल को जिलाध्यक्ष और अनुज आर्य को जिला प्रभारी, देवघर में सचिन रवानी को जिलाध्यक्ष और सत्येंद्र सिंह को जिला प्रभारी, गोड्डा में संजीव मिश्रा को जिलाध्यक्ष और डॉ लुईस मरांडी को जिला प्रभारी, जमशेदपुर महानगर में सुधांशु ओझा को महानगर अध्यक्ष और डॉक्टर जीतू चरण राम को जिला प्रभारी, पूर्वी सिंहभूम में चंडी चरण साहू को जिलाध्यक्ष और बड़कुंवर गगरई को जिला प्रभारी, पश्चिमी सिंहभूम में संजू पांडे को जिलाध्यक्ष और मनोज कुमार महतो को जिला प्रभारी, वहीं, सरायकेला खरसावां में उदय सिंह देव को जिलाध्यक्ष और सुबोध कुमार सिंह गुड्डू को जिला प्रभारी बनाया गया है। आदित्य साहू प्रदेश महामंत्री के हस्ताक्षर से भाजपा के नई सूची को जारी कर दिया गया है।

# पेपर लीक में सीबीआइ जांच की मांग को लेकर एबीवीपी ने सीएम का पुतला फूंका



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई चतरा के द्वारा झारखंड एसएससी सीजीएल-3 के पेपर लीक मामले को लेकर शहर के चतरा चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस बाबत विभाग संयोजक रोहित पांडे ने बताया की हेमंत सरकार झारखंड के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। जिसमें बड़े-बड़े शिक्षा माफिया संलिप्त रहते हैं। वहीं दूसरी तरफ गरीब मजदूर के बच्चे दिन रात एक कर के पढ़ाई करते हैं और अपने घरों से 100 से 300 किलोमीटर दूर जब परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्र पहुंचते हैं और परीक्षा देकर बाहर निकलते हैं पता चलता है कि परीक्षा का प्रश्न पहले से ही लीक हो गया है। जिला संयोजक मुन्ना यदुवंशी ने कहा झारखंड सरकार से मांग करती है कि परीक्षा को रद्द करके पुनः फिर से परीक्षा आयोजित करवाई जाए वहीं नगर मंत्री उज्ज्वल कुमार शाह ने पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराकर जो भी दोषी हैं उन सभी शिक्षा माफियाओं पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। अगली बार पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा करवाई जाए और परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थियों को क्षतिपूर्ति राशि दी जाए। पुतला दहन में पूर्व प्रदेश सोसल मीडिया प्रभारी शुभम कुमार विभाग संयोजक रोहित पांडे जिला संयोजक मुन्ना यदुवंशी नगर मंत्री उज्जवल कुमार नगर सह मंत्री अनुराग आर्य जिला एसएफएस विशाल प्रजापति जिला एसएफडी रौनक सिंह जिला सोशल मीडिया प्रभारी अभय राज अनिमेष पांडे विकास कुमार सूरज कुमार सुंदरम कुमार मयंक राज मिश्रा साहिल कुमार दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जेएसएससी पेपर लीक होने पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**धुरकी।** जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक करवाने वाले भ्रष्ट, युवा विरोधी, छात्र विरोधी हेमंत सोरेन के खिलाफ जोशपूर्ण तरीके से धुरकी में विरोध प्रदर्शन कर हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। मौके पर मंडल संयोजक सह विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि रामप्रवेश गुप्ता, मंडल महामंत्री मंगल यादव, उपेंद्र चंद्रवंशी, अल्पसंख्यक मंडल अध्यक्ष सहादत अंसारी, एकराम खान, रघुनाथ यादव, डॉ अरूण कुमार, विरेंद्र यादव, बलवंत यादव, कृष्णा बैठा, विनोद पटेल, तेजू कोरवा, हरिनारायण यादव, राजू चंद्रवंशी, शशिकमला पुरी, मदन राम, सदानंद गौड़, तुलसी यादव, रामप्यारी भुईंया सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



पुतला दहन करने जाते भाजपाई।

## आठ हजार रूपये अवैध निकासी का मामला प्रकाश में

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय के प्रज्ञा केंद्र संचालक नागेंद्र प्रजापति के द्वारा एक अनपढ़ अनुसूचित जनजाति गरीब महिला का पेंशन का पैसा निकालने के दौरान आठ हजार रूपये अवै निकासी करने का मामला प्रकाश में आया है। भुक्तभोगी महिला निर्मला देवी पति गोपाल बैगा ने बताया कि मेरे पति मजदूरी का काम करने बाहर गए थे और वहीं से परिवार के पालन पोषण के लिए 26 अगस्त 2023 व 2 सितंबर 2023 को पांच पांच हजार रुपए मेरे खाते में भेजे थे जो की खाते में ही था। जब हम उस खाते से पेंशन का पैसा निकालने प्रज्ञा केंद्र के संचालक नागेंद्र प्रजापति के पास अलग-अलग महीने में दो बार गए तो एक एक हजार रुपये निकालने की बजाय अंगूठा लगवाकर पांच-पांच हजार रुपये का निकासी कर लिया गया और मुझे एक एक हजार रुपये ही दोनों बार दिया गया है। जब बाहर से काम कर मेरे पति घर लौटे तो भेजा हुआ पैसा निकासी करवाने के लिए प्रज्ञा केंद्र में मुझे ले गए। निकासी करने के लिए अंगूठा लगाया गया तो खाते में भेजा हुआ पैसा नहीं था।

## एक नजर में

### कलश यात्रा के साथ श्री शिव शक्ति महायज्ञ का शुभांरभ

**सगमा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रूद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय सगमा के प्रांगण में यज्ञाचार्य श्री रो बोलो रो जी महाराज संगम तट नैनी प्रयागराज के नेतृत्व में सोमवार को मंडप प्रवेश पंचांग पूजन कर भव्य कलश यात्रा के साथ श्री शिव शक्ति महायज्ञ का शुभांरभ हुआ। यज्ञ मंडप से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाल शारदा गांव के उभका नंदी से वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप में कलश स्थापित किया गया। सभी देवी-देवताओं की जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। अगल-बगल दर्जनों गांव से हजारों की संख्या में महिला पुरुष व कन्याएं कलश यात्रा में शामिल हुए। श्री शिव शक्ति महायज्ञ 29 जनवरी से 6 फरवरी तक चलेगा। कलश यात्रा में पूर्व विाायक अनंत प्रताप देव, सोगरा बेगम, जिप सदस्य अंजू यादव, प्रमुख अजय साह, पूर्व ज़िप सदस्य नन्द गोपाल यादव, ाििरन्द्र चौबे, रजनीश कुमार, तेजलाल राम, कामेश्वर बैठा, गुप्तेश्वर पाण्डेय, रामाााार दुबे, मनोज कुमार दुबे आदि उपस्थित थे।

### नवनिर्वाचित महिला को अध्यक्ष पद से हटवाने का मामला प्रकाश में आया

**मझिआंव।** मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुबे तहले गांव में विद्यालय प्रबंधन समिति पुनर्गठन के सफल चुनाव के बावजूद भी कुछ ग्रामीणों के द्वारा नवनिर्वाचित एससी महिला को अध्यक्ष पद से हटवाने का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन समिति की नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशा देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया है। दिये गए आवेदन में अध्यक्ष पद के चयन का लिखित आदेश देने की मांग की गई है और कहा गया है कि 19 जनवरी 2024 को उत्क्रमित मय विद्यालय दुबे तहले में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन शिक्षा विभाग के सीआरपी, बीआरपी एवं सरकारी शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ था। जिसमें मैं आशा देवी विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुनी गई हूं। लेकिन गांव के ही कुछ ऊंची जाति के लोगों के द्वारा मुझे जाति सूचक एवं नीच जाति कहकर प्रताड़ित किया जा रहा है। साथ ही उन लोगों के द्वारा कहा जाता है कि तुम नीचे जाति की महिला हो, स्कूल में तुम्हारा छुआ हुआ भोजन कोई बच्चा नहीं खाएगा। आवेदन में कहा गया है कि आज के परिवेश में भी इस तरह के मानसिकता पालने वाले लोग भी हैं। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत ने बताया कि महिला के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी के चार मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी नबीरूद्दीन अंसारी के पुत्र जाहिद आलम को बरडीहा पुलिस ने उसके घर से चोरी के चार मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए बरडीहा थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सेमरी गांव निवासी जाहिद आलम के यहां छापामारी की गई। जहां उसके घर से चार मोटरसाइकिल बरामद किया गया। पुलिस द्वारा उक्त सभी चारों मोटरसाइकिल का कागजात मांगने पर वह नहीं दिखा सका। साथ ही थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि वह चारों मोटरसाइकिल चोरी का प्रतीत होता है, उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त जाहिद ने पुलिस को बताया कि बिहार राज्य के औरंगाबाद के दाउदनगर निवासी अशरफ कुरैशी के द्वारा वह मोटरसाइकिल दिया गया है। जिसका कोई कागजात नहीं दिखाई गई। जिसे जाहिद को गिरफ्तार करते हुए उक्त चारों मोटरसाइकिल को जप्त कर थाना लाया गया। पूछताछ किया गया और थाना कांड संख्या 9/24, धारा 414/34 भादवी के तहत मामला दर्ज करते हुए जाहिद को जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है, इससे मोटरसाइकिल चोर गिरोहों का पर्दाफाश भी होने की संभावना है।

### पुण्डरा मुखिया को पुन: मिली संघ के प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**सिमरिया।** प्रखंड अंतर्गत पुण्डरा पंचायत के मुखिया विनोद महतो को एक बार फिर पुनः मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई है। यह जिम्मेवारी उन्हें प्रखंड प्रमुख कार्यालय में मुखिया संघ के सदस्यों ने सर्वसम्मति से सौंपी है। श्री महतो को मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रमुख रोहन साहू, उप प्रमुख दामोदर गोप सहित संघ के सदस्यों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया और उन्हें पुनः संघ के प्रखंड अध्यक्ष बनने की शुभकामनाएं दी। कहा गया कि श्री महतो संघ के प्रति निष्ठा भाव से कार्य करने वाले समर्पित मुखिया माने जाते हैं। जिसके कारण उन्हें पुनः यह जिम्मेवारी सौंपी गई है। तत्पश्चात संगठन की मजबूती और विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर मुखिया मनोरंजन सिंह जिरवाखुर्द, पार्वती देवी बानासांडी, अनिता देवी डाड़ी, सुनीता कुमारी कसारी, प्रिया कुमारी चोपे, कविता देवी इचाक, चंदा देवी बगरा, बीना देवी जांगी, बीना देवी जबड़ा, नरेश साव सबानो, उमेश राम पीरी, इफ्तेशाम प्रवीण सेरेंदाग शामिल थे।

### बीडीओ ने किया कूप निर्माण व बागवानी का निरीक्षण

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत बारियातू के गांगपुर में बीडीओ हरिनाथ महतो सोमवार को कुप व बागवानी का निरीक्षण किया।इस दौरान निसरीन परविन का मनरेगा योजना से हो रहे कूप तथा साजमा खातून एवं सैबुन निशा का बागवानी को देखा। जहां लगभग दो एकड़ भूमि पर लगे बागवानी को देख संतुष्ट हुए।इस दौरान मौके पर उपस्थित मनरेगा रोजगरसेवक को जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया।मौके पर बीपीओ रामकुमार सिंह, सहायक अभियंता मनोज कुमार, रोजगरसेवक निर्मल दांगी, मुकेश साव,कौसर अली सहित लाभुक उपस्थित थे।

### स्वयंसेवक संघ ने बीडीओ से की मुलाकात

**सिमरिया।** प्रखंड कार्यालय में नए बीडीओ विनय कुमार को पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने बिरसा भगवान का प्रतिमा और गुल दस्ता देकर स्वागत किया। सभी पंचायत स्वयंसेवक ने कहा कि नए बीडीओ को आने से हम लोग का ऊर्जा प्राप्त हुई है और उनके साथ मिलकर काम करने में हम लोगों को काफी खुशी महसूस हो रही है। यह स्वागत जिला अध्यक्ष सह प्रदेश सचिव युगल किशोर प्रसाद के नेतृत्व में बीडीओ से मुलाकात कर सभी स्वयंसेवक के कार्यों से अवगत कराया गया। प्रखण्ड अध्यक्ष हीरा सिंह ने कहा कि हम सभी स्वयंसेवक पंचायत में हमेशा सरकार के सभी योजनाओं को निष्ठा पूर्वक कार्य करते है। मौके पर दिनेश्वर कुमार, शंकर कुमार, गोपाल राम, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, विकास कुमार, संदीप गोस्वामी, मो. साहनवाज, हेमलता, उगन भुइँया, जयलाल और जितेंद्र के अलावे अन्य स्वयंसेवक शामिल थे।

### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को महाविद्यालय स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सीआरपीएफ 172 बटालियन कमांडेंट नृपेन्द्र कुमार सिंह, सत्यनारायण उपायाय ने बाबा अवाूत राम के चित्र पर पुष्प अर्पित, माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर स्थित विभिन्न महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग झांकी एवं परेड का आयोजन किया गया। मौके पर कमांडेंट ने कहा कि प्रति की गोद में स्थित इस विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों में खेलकूद के प्रति अनुराग अवश्य होना चाहिए। सत्यनारायण उपायाय ने कहा कि विद्यार्थियों को खेलकूद से शारीरिक एवं मानसिक फुर्ती मिलती है। विश्वविद्यालय के कुलाापिति दिनेश प्रसाद सिंह ने विद्यार्थियों को खेलकूद के मायम से आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।

## स्पीड न्यूज

### जिला स्तरीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन

**कोडरमा।** प्रखंड मैदान में जिला स्तरीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमे जिले के विभिन्न प्रखण्डों के किसान मित्रों, प्रगतिशील कृषकों समेत अन्य कृषक शामिल हुए। मेले में कृषकों के द्वारा सब्जी, फल, गाय, मुर्गी आदि की प्रदर्शनी लगाई गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने किया। वहीं किसानों को सम्बोाित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस तरह के आयोजन से किसानों को काफी कुछ सीखने और जानने का अवसर मिलेगा।

### पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**कोडरमा।** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान डायट कोडरमा में पांच दिवसीय जिला विद्यालय नेतृत्व अकादमी कार्यशाला का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट की प्राचार्य कंचन कुमारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीएसएलए के सात सदस्य की देखरेख में किया जा रहा है। वहीं प्रशिक्षक के रूप में डायट कोडरमा के प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार, संकाय सदस्य अजीत कुमार आजाद, नोडल राजकमल द्विवेदी, सुनील कुमार दास, विनीता कुमारी, खालिद तनवीर एवं सुबोध कुमार दास ने सहयोगी की भूमिका निभाई। इस कार्यशाला में जिले के 36 मायमिक एवं उच्चतर मायमिक विद्यालय के प्राानायापक एवं प्रभारी प्राानायापक तथा 72 मय विद्यालय के प्रधानाध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापक ने भाग लिये।

### प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष ने की बैठक

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्तरी पंचायत स्थित पंचायत सभागार में सोमवार को 4 फरवरी को धनबाद हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बैठक की गयी। जबकि संचालन महामंत्री पवन सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के वरीय नेता रमेश सिंह, भाजपा वरीय नेता सह देवीपुर पंचायत मुखिया बेदु साव, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार यादव उपस्थित थे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को किस प्रकार मरकच्चो प्रखंड क्षेत्र में और मजबूत किया जाय तथा किस प्रकार प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाया जाय, इसको लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं मरकच्चो प्रखंड से कम से कम 2000 कार्यकर्ताओं को धनबाद पहुंचने की अपील की गई। इसके लिए हर पंचायत से प्रमुख व सह प्रमुख का चयन किया गया। बैठक में भाजपा के वरीय नेता रमेश सिंह ने कहा कि मरकच्चो प्रखंड को अनुमंडल बनाने की मांग को तेज किया जाएगा।

## भाजपा के षडयंत्र का शिकार हुई ढिबरा पॉलिसी : यूनियन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** माइका वर्कर्स यूनियन ने आरोप लगाया है कि झारखंड सरकार की ढिबरा पॉलिसी भाजपा के षडयंत्र का शिकार हो गई है। लिथियम की खोज के बहाने ढिबरा के काम को केंद्र सरकार के अाीन परमाणु ऊर्जा विभाग ने एक साल से रोक रखा है जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 17 जनवरी 2023 को ही नई नियमावली के तहत विाािवत उद्घाटन कर चुके हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग की हठार्मिता के कारण लाखों ढिबरा मजदूर भूख से तड़प रहे हैं। केंद्र में कोडरमा की जन प्रतिनिाि भाजपा की ही हैं पर उन्हें कोई चिंता नहीं है। यूनियन की कोडरमा जिला इकाई की संपन्न बैठक में प्रस्ताव पारित कर मांग की गई कि केंद्र और राज्य सरकार अविलंब नियमावली के तहत ढिबरा का काम शुरू करवाए ताकि अभ्रक क्षेत्र की आर्थिक बदहाली दूर हो सके। वहीं सरस कुमार बबलू की अयक्षता में हुई बैठक में प्रस्ताव पारित कर केंद्रीय ट्रेड यूनियन सीटू के जिला सम्मेलन में बढ़ चढ़ कर शामिल होने का निर्णय लिया गया।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

## चुनावी पाठशाला एवं अन्य कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को करें जागरूक : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर बैठक हुई। जिसमे पंचायतों के मुखिया, बीएलओ, स्वयं सेवी संगठनों से जुड़े लोग शामिल हुए। बैठक में लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत जन भगीदारी सुनिश्चित करने को लेकर मतदाताओं को जागरुक करने से सम्बंधित विस्तृत जानकारी देते हुए उपायुक्त ने स्वीप कोर कमिटी का गठन करने का निर्देश दिया और गठित कमिटी में एक्टिव क्लबों, स्वयं सेवी संगठनों और जिला आइकॉन को शामिल करने का निर्देश दिया, डीसी ने कहा कि पिछले चुनाव में जिन मतदान केंद्रों पर 70 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है, वहां व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कर मतदाताओं को जागरूक करें।



### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिये कई दिशा निर्देश

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अयक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गयी। जिसमें यातायात व्यवस्था, हिट एंड रन, सड़क सुरक्षा आदि विन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में शामिल पदााकािरियों को निर्देशित करते हुए डीसी ने सड़क सुरक्षा समिति, नगर निकाय और थाना स्तर से संयुक्त टीम बनाकर बिना हेलमेट दुपहिया वाहनों का नियमित जांच करने, प्रेशर हॉर्न लगे वाहनों पर कार्रवाई करने, हिट एंड रन मामले का जल्द से जल्द निष्पादित करने, ब्लैक स्पॉट से सम्बंाित लम्बित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने, शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने आदि का निर्देश दिया। वहीं सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का ससमय इलाज के लिए चंदवारा प्रखंड में ट्रामा सेंटर विकसित करने आदि का निर्देश दिया।

### नि:शुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप एवं नारायणा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल के प्रांगण में निःशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गढ़वा जिले के साथ-साथ निकटवर्ती मेदिनीनगर, रामानुजगंज एवं विश्रामपुर के लगभग 20 मरीजों की निःशुल्क जांच की गयी। जिसमें पांच मरीजों में विभिन्न हृदय रोगों की पहचान की गयी। वहीं दो मरीजों को ओपन हार्ट सर्जरी की सलाह दी गयी। मौके पर हार्ट सर्जन डॉ. विकास केशरी ने बताया कि क्षेत्र के रोगियों में जागरूकता का अभाव है।

### पीसीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का जिप अध्यक्ष ने किया शिलान्यास

## जिला परिषद अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रही जनकल्याणकारी योजना : रामान

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड अंतर्गत भुवालडीह में लगभग 7 लाख 71 हज़ार की लागत से पीसीसी सड़क निर्माण और रूपायडीह में 9 लाख के करीब और जोगियाटिल्हा में करीब 5 लाख 44 हज़ार रुपये की लागत से बनने वाली नाली निर्माण कार्य समेत अन्य योजनाओं का जिप अयक्ष रामान यादव ने शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में जिप उपायक्ष निर्मला देवी, जिप सदस्य प्रीति कुमारी, जिप सदस्य केदारनाथ यादव मुख्य रूप से मौजूद थे।



### अबुआ आवास के लिए स्वीकृति, नहीं तो आंदोलन : सत्येंद्र

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा है कि झारखंड की हेमंत सरकार ने अबुआ आवास के नाम पर खिलौना बना दिया है। सबसे पहले तो आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के नाम पर हजारों हजार लोगों से आवेदन ली। फिर उसे ऑनलाइन पोर्टल पर डलवाया। पुनः मुखिया के द्वारा इसे आमसभा से पारित करवाया गया। फिर कुछ ही दिनों बाद प्राथमिकता सूची तय कराई गई। पूर्व विधायक ने कहा कि पंचायत में वैसे लाभुकों का सूची चयन हुआ है, जिसको पीएम आवास तत्काल मिला हुआ है।

## लायंस क्लब की बैठक आयोजित




बैठक करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के चिनिया रोड स्थित सीजन 33 रेस्टोरेंट में लायंस क्लब के जोन ए के जोन चेयर पर्सन उमेश अग्रवाल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सामाजिक सेवा क्षेत्र में नई पहल के लिए एक सकारात्मक माहौल बनाया गया।

जिसमें सदस्यों ने अपने सामाजिक सेवा कार्यों की बातचीत करते हुए नई दिशाएं निाारित की व योजनाएं बनाई। बैठक में गढ़वा के विभिन्न लायंस क्लब के प्रतिनिाियों ने अपने अनुभव और योजनाओं को साझा किया और विभिन्न सेवा क्षेत्र में सहयोग के लिए बातचीत की। सम्मेलन में नेतृत्व को कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है व लोगों के मन में सेवा भावना को कैसे बढ़ाया जा सकता है इसके लिए भी एक कार्यशाला आयोजित करने की बात उठाई गई।

मौके पर जोन चेयरपर्सन उमेश अग्रवाल ने कहा कि हमारे सदस्यों का सामर्थ्य और समर्पण ही हमें सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। इस बैठक में हमने नए कार्यक्रमों और परियोजनाओं की योजना बनाई है, जो समाज के लाभ के लिए होगी।

### डीसी ने की पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

## निर्वाचन अतिमहत्वपूर्ण कार्य, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न करें: डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा अबु इमरान की अध्यक्षता में स्वीप कोर कमिटि, सभी ई.एल.सी. मास्टर ट्रेनर, सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों व सहायतार्थ पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में स्वीप गतिविधि को तेज करने व शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से नियमानुसार स्वीप कोर कमिटि का गठन किया गया। उपस्थित कोर कमिटि के सदस्यों से एक एक कर व्यापक प्रचार प्रसार हेतु विचार विमर्श कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा जिन जिन पदाधिकारियों को जो दायित्व दिया गया है उसका निर्वहन इमान्दारी पूर्वक करें और यह सुनिश्चित करले कि निर्वाचन के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत जिले में कई नये मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया गया है। इसके लिए नए मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया से अवगत कराना अतिआवश्यक है जिससे कि नए मतदाता मतदान की प्रक्रिया को समझ सके। बैठक में उपस्थित मास्टर ट्रेनरों द्वारा उपायुक्त को अवगत कराया कि बहुत ऐसे मतदाता भी है जिनका वोटर कार्ड बना हुआ परंतु जानकारी के अभाव में वे अपना वोटर कार्ड डाउनलोड नहीं कर पा रहे है। इस पर उपायुक्त ने कहा स्वीप गतिविधि के तहत वोटर हेल्पलाईन ऐप, वोटर सर्विस पोर्टल के प्रति लोगों को जागरूक करें जिससे कि मतदाता पोर्टल पर सरलता पूर्वक जाकर वोटर कार्ड डाउनलोड कर सके।




# बजट और गरीबी


यह ठीक है कि देश में पिछले 74 वर्षों में बहुत विकास हुआ। हम विश्व पटल पर छा गए। लेकिन बजट में उन गरीबों को कितना स्थान मिला है जो दो जून की रोटी को मोहताज हैं। जिनके परिजना ईलाज के अभाव में तिल-तिल कर मरते हैं। बढ़ते शेयर सूचकांक से उनका भला क्यों नहीं हो पता? सरकारें झूठ पर झूठ बोलती सच से भागती है। यद्यपि सरकारी तंत्र समय-समय पर यह जानकारी भी देता रहता है कि आज भी देश के करोड़ों लोग भूखे पेट आकाश के नीचे फुटपाथ पर या कहीं भी सड़क के किनारे सोते हैं। कोरोना लॉकडाउन के दिनों में अस्सी करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज दिया गया अर्थात अस्सी करोड़ भारतीय अभी भी बहुत गरीब हैं। कोरोना काल के बाद का यह बजट क्या इस बात का जबाव देगा कि कैसे एक पीएम ने यह कह दिया कि जो जहां है वहीं रहें। कैसे एक सीएम ने कह दिया कि जो जहां का है वह वहां चला जाए। क्या एक भारतीय की यह दशा है? जिस देश का बचपन भूखा है, उस देश की जवानी क्या होगी, पर बचपन तो आज तक भी भूखा है। पूरे देश के चौक-चौराहों में दर्जनों बच्चे भीख मांगने वाले या थोड़ा सामान बेचकर रोटी कमाने वाले मिल जाते हैं। वैसे यह तभी संभव है जब देश के सभी राजनीतिक दलों के नेता, सत्तापति स्वयं सरकारी साधनों का अपने सुख के लिए दुरुपयोग न करें। जनता के लिए सदुपयोग करें। बजट में लोककल्याणकारी कार्यो के साथ सरकार आधारभूत संरचना पर अधिक से अधिक काम करे जिससे रोजगार मिले। रोजगार और स्वास्थ्य सुविधा सहित नयी शिक्षा नीति पर सरकार सबसे अधिक ध्यान दे तब बजट का गरीबों के लिए अर्थ है। सरकारी खर्च पर नियंत्रण हो निजी क्षेत्र को बेहतर माहौल बने।

# एंटीबायोटिक्स के खतरे

भारत समेत दुनिया के तमाम देशों में एंटीबायोटिक्स दवाओं का अंधाधुंध सेवन लोगों के स्वास्थ्य के लिये एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। दरअसल, इनके अत्यधिक प्रयोग से शरीर में रोगाणुओं से प्रतिरोध की क्षमता को खतरा पैदा होता जा रहा है। भारत के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय यानी डीजीएचएस ने डॉक्टरों और फार्मासिस्टों को सलाह दी है कि दवाओं का विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करें। जहां तक हो सके अधिक तीव्र क्षमता वाली एंटीबायोटिक्स दवाएं मरीजों को देने से परहेज करें। डॉक्टरों से कहा गया है कि रोगाणुरोधी दवाएं लिखते समय संकेत,कारण और औचित्य का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। दरअसल, इन दवाओं में एंटीबॉयोटिक्स, एंटीवायरल, एंटीफंगल और एंटीपैरासिटिक्स दवाएं शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि एंटीबायोटिक्स औषधि नियम 1945 की अनुसूची एच और एच-1 के अनुसार केवल पंजीकृत चिकित्सा पेशेवर ही ऐसी दवाओं को लेने के लिये परामर्श दे सकते हैं।यही वजह है कि रोगाणुरोधी दवाओं के अत्यधिक सेवन व बिना डॉक्टरी परामर्श के दिये जाने से लोगों में रोगप्रतिरोधक क्षमता में गिरावट आती है। कालांतर शरीर में रोगाणुओं के हमले पर ये दवाएं काम नहीं करती। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में वैश्विक स्तर पर बैक्टीरियल एएमआर 12.7 लाख मौतों के लिये जिम्मेदार था , जबकि 49.5 लाख मौतें दवा प्रतिरोधी संक्रमण से जुड़ी थीं। एएमआर प्रतिरोधी रोगाणुओं के कारण होने वाले संक्रमण की प्रभावी रोकथाम और उपचार को खतरे में डालता है, जिसके परिणामस्वरूप लंबी बीमारी होती है और मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि, नियम को लागू करने में सख्ती के अभाव के चलते ये दवाएं मेडिकल स्टोरों पर बिना डॉक्टरी परामर्श के भी बेची जाती हैं।

# गांधी जी की हत्या और संघ पर आरोप





**- सौरभ बाजपेयी**

> आरएसएस कभी स्वीकार नहीं करता कि गांधीजी की हत्या में उसका कोई हाथ था। उनके हिसाब से नाथूराम गोडसे द्वारा अदालत में दिया गया बयान इस आरोप को झूठा सिद्ध करने के लिए काफी है। जिसमें गोडसे ने संघ से अपना कोई भी संबंध होने से इनकार किया था और कहा था कि सिर्फ वो और नारायण आप्टे ही गांधीजी की हत्या के षड़यंत्र में शामिल थे।

**भारत** में गांधीजी की हत्या का पहला प्रयास 25 जून 1934 को हुआ था जब उनकी कार पर पूना में बम फेंका गया। 1944 में एक बार फिर पंचगनी में तकरीबन बीस लड़के बस में भरकर आये और दिन भर गांधी-विरोधी नारे लगाते रहे। फिर उनका नेता नाथूराम गोडसे गांधीजी पर छुरा लेकर लपका जिसको वहां मौजूद भिलारे गुरुजी और मणिशंकर पुरोहित ने दबोच लिया. लेकिन उनकी कोई शिकायत पुलिस में दर्ज नहीं कराई गई।

1944 में ही गांधीजी के वर्धा स्थित सेवाग्राम आश्रम में नाथूराम के पास चाकू बरामद हुआ। गांधीजी के निजी सचिव प्यारेलाल इस वाकये को लिखते हुए बताते हैं कि सुबह ही उनको जिले के एसपी ने सूचना दी थी कि स्वयंसेवक गंभीर शरारत करना चाहते हैं। यह सवाल वाजिब है कि ये स्वयंसेवक कौन हैं जिनका जिक्र प्यारेलाल कर रहे हैं और उस समय नाथूराम गोडसे और इन तथाकथित स्वयंसेवकों में भला क्या संबंध था?

इसके बाद 29 जून 1946 को मुंबई-पूना के बीच नरेल के पास एक बड़ा सा पत्थर रखकर गांधीजी को मारने की कोशिश हुई। एक बार गांधीजी ने 125 वर्ष जीने की इच्छा जताई तो गोडसे ने अपने अखबार अग्रणी में एक जवाबी लेख लिखा जिसका शीर्षक था- पर जीने कौन देगा? गोडसे द्वारा गांधीजी की हत्या को जायज ठहराने वालों का मूल तर्क है कि पाकिस्तान को 55 करोड़ देने के मुद्दे पर ही गोडसे उनका वध करने पर मजबूर हुआ था। सवाल उठता है कि 1944 या 1946 में तो यह मुद्दा कहीं दूर-दूर तक वजूद में ही नहीं था।

आरएसएस कभी स्वीकार नहीं करता कि गांधीजी की हत्या में उसका कोई हाथ था। उनके हिसाब से नाथूराम गोडसे द्वारा अदालत में दिया गया बयान इस आरोप को झूठा सिद्ध करने के लिए काफी है. जिसमें गोडसे ने संघ से अपना कोई भी संबंध होने से इनकार किया था और कहा था कि सिर्फ वो और नारायण आप्टे ही गांधीजी की हत्या के षड़यंत्र में शामिल थे।

जब लालकृष्ण आडवाणी ने आरएसएस को इस मामले में क्लीन चिट देने की कोशिश की थी तो नाथूराम गोडसे के भाई और साजिश करने वालों में एक गोपाल गोडसे बिफर उठे थे। न सिर्फ गांधीवध क्यों नामक किताब में बल्कि अन्य जगहों पर भी उसने जोर देकर कहा कि उसके बड़े भाई ने कभी भी आरएसएस नहीं छोड़ी और अंत तक संघ के बौद्धिक कार्यवाह के तौर पर काम करता रहा। गोपाल गोडसे ने 1994 में दिए गए अपने इसी साक्षात्कार में कहा था कि दरअसल नाथूराम ने आरएसएस और सावरकर से दूरी इसलिए बनाई क्योंकि गांधी की हत्या के बाद गोलवलकर और आरएसएस काफी मुसीबत में पड़ गए थे। यहां यह बात करना भी जरूरी है कि आखिर हत्या एक कर्म है या विचार या हत्या एक ऐसा कर्म है जो किसी खास विचार से संचालित होता है?

कभी-कभी विचारहीन हत्याओं के पीछे हिंसा या घृणा की भावना काम करती है। लेकिन हिंसा और घृणा तो अपने आप में बहुत सशक्त विचार हैं। तब तो यह जानने की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि किसी के हृदय में किसी के प्रति हिंसा या घृणा की भावना पनपी कैसे?

गांधीजी की हत्या में आरएसएस का हाथ होने के मामले को अदालती कार्यवाही पर छोड़ना उचित है। लेकिन इतिहास लेखन उनकी हत्या के पीछे छुपे विचार को पकड़ने में दिलचस्पी रखता है।

भारतीय कानून प्रणाली लिखित साक्ष्य मांगती है। जिस संगठन की पूरी कार्रवाई गुप्त ढंग से चलती हो, जिसका कोई सदस्यता रजिस्टर न रखा जाता हो, जिसकी बैठकों की कोई लिखित कार्यवाही नहीं रखी जाती- उसके बारे में लिखित साक्ष्य मिलना लगभग असंभव है। आरएसएस और नाथूराम गोडसे का क्या संबंध था इसके लिए नाथूराम गोडसे की संघ सदस्यता रसीद पेश नहीं की जा सकती। 1947-48 में वो संघ की किस शाखा में जाता था, इसकी कोई उपस्थिति पंजिका भी उपलब्ध नहीं ही होगी। लेकिन गोडसे, आरएसएस और गांधीजी की हत्या में तमाम ऐसे तार जुड़े हैं जिनसे आरएसएस मुंह नहीं चुरा सकता। जैसा कि गोपाल गोडसे ने कहा था कि आप कह सकते हैं आरएसएस ने कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया था कि जाओ और गांधी को मार दो लेकिन आप उससे खुद को अलग नहीं कर सकते।

यह पूछना भी बनता है कि छद्म नामों से सोशल मीडिया और अन्य प्रचार माध्यमों से गांधी-विरोधी प्रचार करने वाले लोग भला कौन हैं? आज भी आरएसएस ने लिखित रूप से कोई विज्ञप्ति जारी नहीं की है कि ह्यगांधी का चरित्र हनन करो लेकिन ऐसा करने वाले अधिकांश लोग किसी न किसी तरह आरएसएस की विचारधारा के कट्टर समर्थक ही होते हैं। दरअसल, गांधीजी की हत्या के पहले और बाद आरएसएस के दो अलग-अलग स्वर रहे हैं। पहले तो वो गोलवलकर के नेतृत्व में गांधीजी की हत्या का माहौल तैयार करता रहा। जाहिर है गांधीजी की हत्या के पीछे निर्णायक भूमिका इसी तरह के जहरीले प्रचार की थी जो 1930 के मध्य से देश भर में फैलाया जा रहा था. वास्तव में न सिर्फ आरएसएस और हिंदू महासभा बल्कि मुस्लिम लीग भी गांधीजी और अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ जहर फैला रही थी। गांधीजी हिंदू और मुस्लिम दोनों तरह के सांप्रदायिकताओं के लिए साझे दुश्मन थे। हालांकि, आखिर में भारत के बंटवारे के बाद वो हिंदू सांप्रदायिकता ही थी जिसे गांधी भारत में हिंदू राष्ट्र की स्थापना के अपने पुराने सपने को साकार करने की दिशा में सबसे बड़ा रोड़ा लगते थे।

ऐसा न कर पाने के पीछे एक और मजबूरी भी है जिसके जिम्मेदार पूरी तरह सरदार पटेल हैं। सरदार पटेल ने गांधीजी की हत्या के बाद गोलवलकर से यह हलफनामा ले लिया था कि संघ अब खुद को राजनीतिक गतिविधियों से पूरी तरह दूर रखेगा और भविष्य में बतौर एक सांस्कृतिक संगठन ही काम करेगा।

इसलिए यह पहला मौका था जब 2014 में प्रचंड मोदी लहर पर सवार होकर संघ कार्यकताओं ने गणवेश में भाजपा के लिए वोट मांगे थे। इसके पहले तक आरएसएस के लोग आधिकारिक तौर पर ऐसा करने से कतई परहेज करते थे।

(लेखक राष्ट्रीय आंदोलन फ्रंट नामक संगठन के राष्ट्रीय संयोजक हैं।)

**इस** बार 26 जनवरी की परेड बहुत ही अद्भुत रही। सबसे ज्यादा चर्चा परेड में महिला शक्ति को देखकर हुई। जब कर्त्तव्य पथ पर केंद्रीय सुरक्षा बलों और दिल्ली पुलिस की महिला टुकड़ियों ने कदमताल शुरू किया तो सभी गर्व से भर उठे।

**–अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## आपके ट्वीट

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2000 किमी पथों के निर्माण का लक्ष्य है। अब तक 168 योजनाएं पूरी की जा चुकी हैं, जिनमें लगभग 405 करोड़ लागत से 549 किमी पथ का निर्माण किया जा चुका है ।

**– हेमंत सोरेन,**





**भारत** की दो ऐसी महान विभूतियों की जन्म-जयंती है, जिन्होंने अलग-अलग कालखंड में देशभक्ति की मिसाल कायम की है। देशवासी एक ओर जहां पंजाब केसरी लाला लाजपत राय जी को श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

**– नरेन्द्र मोदी**

## खास बात

# तिरंगा देश का मनोबल है पहचान है

**आरके सिन्हा**

**भारत** एक राष्ट्र है, इसके दो झंडे नहीं हो सकते। वैसे भी फ्लैग कोड किसी भी राज्य को अलग झंडे की इजाजत नहीं देता। तिरंगा देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है। तिरंगा सारे देश को भावनात्मक रूप से बांधता है। तिरंगे का अपमान करने वाले याद रखें कि भारत यह सब कभी भी स्वीकार नहीं करेगा। भारत की 135 करोड़ जनसंख्या देश की एकता और अखंडता के सवाल पर एक है। पर अफसोस होता है कि इस घोर देश विरोधी हरकत को भी कुछ सनकी यह कहकर खत्म करना चाहते हैं कि लाल किले पर तिरंगे का तो अपमान हुआ ही नहीं। ये शर्मनाक और असहनीय हैं।

यह ठीक है कि देश में आस्तीन के सांप हैं, पर तिरंगे का अनादर करने वाले तो सीधे-सीधे देशद्रोह की परिधि में आते हैं। इन राष्ट्र विरोधी तत्वों से पूछा जाना चाहिए कि आखिर ये क्यों भारत का नमक खाकर देश के साथ गद्दारी कर रहे हैं? आगे बढ़ने से पहले पीछे मुढ़कर देखते हैं। 28 मई 1953 के दिन दुनिया की सबसे ऊंचीमाउंट एवरेस्ट चोटी पर शेरपा तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के सर एडमंड हिलेरी ने कदम रखा था। तेनजिंग नोर्गे ने एवरेस्ट पर चढ़ते ही वहां पर तिरंगा फहराया था। उस चित्र को देख-देखकर भारत की कई पीढ़िया रोमांचित होती रहीं हैं। तेनसिंग नोर्गे का जन्म तो नेपाल में हुआ था पर वे बचपन में ही दार्जिलिंग में आकर बस गए थे। क्या भारत भूल सकता है उन चित्रों को जिनमें हमारे शूरवीर विभिन्न जंगों में शुत्र को परास्त करने के बाद तिरंगे के साथ जश्न मना रहे होते हैं? । एक बार भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस कह रहे थे कि वे जब खेलते हुए किसी दर्शक के हाथ में तिरंगे को देख लेते हैं तो उनमें जीत का जज्बा कई गुना बढ़ जाता है।

देखिए देश के तिरंगे को इसके मौजूदा स्वरूप में 22 जुलाई 1947 को आयोजित भारतीय संविधान सभा की बैठक में अपनाया गया था। तिरंगे में तीन केसरिया, सफेद और हरा रंग है। दरअसल तिरंगे को लेकर इस तरह की भावनाएं सारे देशवासियों की हैं। इस लिहाज से कुछ अपवाद अवश्य हैं।

# दुर्बल चरित्र से हानि

## विचार-प्रवाह

**सीताराम गुप्ता**

**कुछ** लोग हमेशा सुंदर, सुशील, प्रसन्नवदना, खुले हृदय और उन्मुक्त विचारों वाली महिलाओं में चारित्रिक दोष ढूंढ़ने के प्रयास में ही लगे रहते हैं। वास्तव में ईर्ष्यालु व दुर्बल चरित्र वाले लोगों को इससे अधिक कुछ आता ही नहीं। अब ऐसे ईर्ष्यालु व्यक्तियों से भला एक अच्छे व्यक्ति का क्या मुकाबला लेकिन उनकी ईर्ष्या इस बात का प्रमाण है कि आप सचमुच आनंदित हैं। वे लोग यही चाहते हैं कि आप किसी तरह इस आनंद से वंचित होकर दुखी हों। ये हम पर निर्भर करता है कि हम इस षड्यंत्र के शिकार होते हैं अथवा नहीं।

यदि आप लोगों की सहायता करने वाले, उन्हें अच्छे काम के लिए प्रोत्साहित करने वाले अथवा दो पक्षों का झगड़ा निपटवाने वाले हैं तो दूसरों की टांग खींचने वाले तमाशबीन किस्म के लोग अवश्य ही आपके शत्रु नहीं तो विरोधी अवश्य हो जाएंगे और आपको अपमानित करने का कोई भी अवसर हाथ से नहीं जाने देंगे। लेकिन आप सद्गुणों के स्वामी हैं, अतः इन अमूल्य जीवन-निधियों और जीवन-मूल्यों को खिसकने मत दीजिए। यदि लोग आपमें बिना वजह कमियां निकालने का प्रयास करते हैं तो ये आपके लिए अच्छी बात है।

लोग दुख में आपके साथ हो सकते हैं लेकिन आपकी खुशी बर्दाश्त नहीं कर सकते, यही कटु सत्य है। सभी लोग तो ऐसे नहीं होते लेकिन अधिकांश ऐसे ही होते हैं, इसमें संदेह नहीं। लोग तो ऐसे ही होते हैं लेकिन अब आपकी बारी है। आप प्रसन्न रहना चाहते हैं अथवा प्रसन्नता से वंचित होना चाहते हैं। वास्तविकता ये है कि जो लोग दूसरों की समृद्धि देख कर आनंदित होते हैं।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### संकीर्ण सोच

**सेंटर** फॉर केटलाइजिंग चेंज (सी) के सर्वेक्षण के अनुसार समाज की स्त्री वर्ग के प्रति संकीर्ण मानसिकता बरकरार है। सर्वेक्षण में पाया गया कि लड़कों के तुलना में लड़कियों की मोबाइल उपयोगिता बहुत ही कम है जो तकनीक और शिक्षा को लेकर स्त्री वर्ग के प्रति संकीर्ण विचार और नकारात्मक वृत्ति सिर्फ मानसिक पराभव की राह दशार्ते हैं। यह एक गंभीर खतरा है।

**-पुलकित जैन,रांची**

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां जनता चुनाव के माध्यम से अपने प्रतिनिधि का चयन करती है। लेकिन देश में निरक्षरता के चलते आज भी चुनाव में शत प्रतिशत मतदान नहीं हो पाता। मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मतदाता दिवस की थीम सभी मतदाता बने सशक्त, सतर्क, सुरक्षित एवं जागरूक का अनुसरण करके लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहिए।

**-चेतना, हजारीबाग**

# हिंदी साहित्य के कालजयी साहित्यकार जयशंकर प्रसाद

**बृजकिशोर पाण्डेय**

## साहित्य

**जयशंकर** प्रसाद की आज 132 वीं जयंती है। छायावादी युग के प्रवर्तक जयशंकर प्रसाद का जन्म 30 जनवरी 1889 ई. को उत्तर प्रदेश के वाराणसी, काशी में सुँघनी साहू नामक प्रसिद्ध वैश्य परिवार में हुआ था। प्रसाद जी के दादा जी का नाम शिव रतन साहू, पिता जी का नाम देवी प्रसाद और इनके बड़े भाई का नाम शंभू रत्न था। भारत में भी नाट्यशास्त्र के प्रणेता भरत मुनि ने गीत को नाटक का अभिन्न अंग माना है । नाटक में गीत का मिश्रण प्रभाव उत्पन्न करता है और इसके लिए आवश्यक भी है। रस की भी दृष्टि से संगीत बहुत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि जो रस वातावरण में जरूरी है गीत उसको और गहरा कर देता है। गीत नाटक की जीवन शक्ति है। गीत से पात्रो एवं उनके मनोभावो का और भी मनोहर सुंदर रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है ।गीत के द्वारा पात्रों के उत्थान- पतन, आशा-निराशा की मुखर अभिव्यक्ति बहुत ही सुंदर ढंग से संभव हो पाती है ।इब्सन और शॉ के यथार्थवाद के प्रभाव मे समस्यामूलक नाटको का भी दौर रहा है ।आज के गद्य प्रधान युग मे जब बुद्धि का भावना पर प्राबल्य है, गीत मे वातावरण के एकरसता को भंग करने की शक्ति न्यून नही हुई है ।आज के व्यस्ततम जीवन शैली मे कभी ऐसे अलमस्त क्षण आते है जब व्यक्ति के हृदय की आभ्यंतर अनुभूति का प्रकटीकरण गद्य के बनिस्पत गीत मे ज्यादा प्रभावी होता है ।नाटक में गीतों का मनोवैज्ञानिक महत्व आज भी कम नही हैं । गीत भारतीयता के रंग से सराबोर है तथा भारतीय संस्कृति और सभ्यता की धरोहर है। जयशंकर प्रसाद के नाटकों में हमें गीतों का मधुवेस्ढन मिलता है। उनका संपूर्ण नाट्योपवन संगीत के सुंदर सुरभि के संचार से लहालोट है। प्रारंभिक कृतियों सज्जन करूणालय में भले ही कुछ त्रुटि निकाल लिया जाए लेकिन बाद के उनके नाटक ध्रुवस्वामिनी, चंद्रगुप्त और स्कंद गुप्त गीतों की माणिक्य मंजूषा है। जयशंकर प्रसाद के नाटक के गीत पर अगर हम गहरी दृष्टि से विचार करें तो मुख्य बातें यह समझ में आती है कि यह काव्यगत आनंद की अनुभूति के लिए उन्होंने गीतों का निर्माण किया है ।उनके गीतों से राष्ट्रीय चेतना का झंकार मिलता है।

आह,वेदना मिली विदाई।

**मैं ने भ्रमवश जीवन संचित**
**मधुकरियो की भीख लुटाई।**

पाठक और दर्शक को आनंद देने के लिए चेतना मन बुद्धि प्राण तथा आत्मा को मुक्त कर देने वाले गीत का काव्यात्मक कलात्मक सौंदर्य प्रसाद के गीतों में मिलता है ।स्वर्णिम अतीत की ओर ले जाने वाला उनका कोई भी अभियान गीत हो ,आवाहन गीत हो उनके गीतों में राष्ट्रीय चेतना पूरी तरह से व्याप्त है। हिमाद्रि तुंग शृंग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती

स्वयं प्रभा समुज्वला स्वतंत्रता पुकारती। मानव प्रेम उनके गीतों में मुखरित हुआ है। जब कठिन परिस्थिति आती है तो प्रभु से गुहार लगाने जैसे धार्मिक भावनाओं का भी चित्रण इन के गीतों में मिलता है। पात्रों के अनुकूल और वातावरण के अनुसार मन की वेदना, पीड़ा प्रणय निवेदन से लेकर सभी भावो का दिग्दर्शन इनके गीतों में मिलता है।

स्कंदगुप्त के कुल सोलह गीतो मे स्कंदगुप्त ने एक,देवसेना ने पांच, मातृगुप्त ने तीन नर्तकी ने दो तथा शेष चार कोरस समूह गान है। समूह गान ग्रीक क्लासिकल मे प्रचुर मात्रा में मिलता था लेकिन जैसे-जैसे रुचियों का परिष्कार हुआ, रंगमंचीय विधानों में सुधार होने लगे ,नाट्य कला का विकास हुआ समूह गानों की प्रधानता घटती गई और आधुनिक काल में अभियान गीतों के अलावा इनका कोई रूप अभी शेष नहीं है ।

# यौन शोषण के पक्ष में नित्य नये तर्क और परिभाषायें

**निर्मल रानी**

## समाज

**भारतीय** महिलायें दिन प्रतिदिन अपने कौशल व साहस का परिचय कराती रहती हैं। कभी अंतरिक्ष में भारतीय ध्वज लहराकर,कभी विश्व के सबसे लंबे व खतरनाक वायुमार्ग पर विमान उड़ाकर, कभी युद्धक विमान को कलाबाजियाँ खिलाकर,कभी बस,ट्रक व ट्रेन चलाकर तो कभी अपने अपाहिज बाप को पीछे बिठाकर लॉक डाउन में लगभग 1500 किलोमीटर तक लगातार साईकिल चलाकर गोया अनेकानेक जटिल क्षेत्रों में भी महिलाओं ने अपने अदम्य साहस,हौसले व सूझ बूझ का परिचय दिया है। उधर सरकार भी 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का नारा देकर तथा इस योजना पर सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर यह सन्देश देना चाहती है कि नारी उत्थान के लिए सरकार भी प्रयासरत है। दुर्भाग्यवश इसी बीच महिलाओं के साथ होने वाले दुराचार,शारीरिकशोषण,बलात्कार, सामूहिक बलात्कार व हत्याओं की खबरें भी आती ही रहती हैं। कई समाचार तो ऐसे होते हैं जिन्हें सुन -पढ़कर तो यह विश्वास ही नहीं होता कि वासना में डूबा राक्षस रुपी पुरुष इस हद तक गिर सकता है व अमानवीयता की सभी सीमाएं लांघ सकता है? परन्तु निःसंदेह यह हमारे देश के अति दूषित मानसिकता रखने वाले कलंकी लोगों का एक कुरूपित चेहरा है जो नारी का शारीरिक शोषण भी करता है,उससे सामूहिक बलात्कार भी करता है और जब अपनी शैतानी सोच की सभी सीमाओं को पार कर जाए तो महिला के गुप्तांग में लोहे की रॉड डालकर या उसमें पत्थर भरकर उसी नारी को असीम कष्ट पहुंचाते हुए उसे मौत के घाट भी पहुंचा देता है। देश में अनेकानेक घटनायें ऐसी भी हो चुकी हैं जिससे यह पता चला कि बलात्कार,शारीरिक शोषण या छेड़खानी की शिकार महिलायें जब अपनी शिकायत दर्ज कराने पुलिस चौकी या थाने पहुँचती हैं उस समय पीड़ित महिला से ही इस तरह के इतने सवाल किये जाते हैं कि जैसे सारा दोष पीड़ित महिला का ही हो। और इससे भी बड़ी त्रासदी यह है कि पुरुषों के जोर,जुल्म,उत्पीड़न व ज्यादती की शिकार यही महिला अपने साथ होने वाली घटना के बाद समाज द्वारा बुरी व अपमान जनक नजरों से देखी जाती है। गोया अपने साथ हुई ज्यादती की जिम्मेदार पुरुष नहीं बल्कि वह स्वयं है ? एक ओर तो भारतीय महिलायें अपने साहस,कौशल,पराक्रम व हौसले का लोहा मनवाते हुए नित्य नये कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उधर पुरुष समाज को कलंकित करने वाले सरफिरे नारी स्मिता की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर बाकी नहीं रखना चाह रहे तो एक ओर हमारे ही देश में अभी तक यही निर्धारित नहीं हो पा रहा कि यौन शोषण व शारीरिक शोषण की परिभाषायें क्या हों ? हमारे देश की अदालतें अभी तक यही तय कर रही हैं कि पुरुष के किस सीमा तक चले जाने को यौन शोषण माना जाये और किस हद तक जाना यौन शोषण के दायरे में नहीं आता।

वैसे तो धर्म,समाज व नीति शास्त्र के लोगों का मानना है कि मन में किसी तरह के पाप का विचार आना ही पाप किये जाने के समान होता है।

पश्चिमी देशों में भी लोग अपने बच्चों को पुरूषों द्वारा किये जाने वाले शारीरिक स्पर्श को 'गुड टच' व 'बैड टच' के रूप में अलग अलग तरीकों से शिक्षित करते हैं। महिलाओं में पर्दा व घूंघट प्रथा के पीछे का भी कड़ुवा सच यही है कि औरत गैर पुरुषों की कुदृष्टि से बची रहे। महिलाओं को ही सारे परदे,घूंघट व सुरक्षा संबंधी उपाय करने जरूरी बताए गए हैं ?


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### कल सिरासिता नाले में पूजा के लिए रवाना होंगे आदिवासी



**कुजू।** आरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में सोमवार को राजी पाहड़ा सरना प्रार्थना सभा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया रोजे करमाली व संचालन श्रवण करमाली ने किया। शिबू टोला कुंदरिया सरना स्थल से 31 जनवरी को आदिवासियों के पवित्र धार्मिक सरना स्थल गुमला जिला के डुमरिया थाना के सिरासिता नाले के दर्शन के लिए रवाना होने वाले जत्था पर चर्चा किया गया। 1 फरवरी को सिरासिता नाले में मां सरना ओर सिंग बोगा की विशेष पूजा अर्चना के साथ भजन होगा । जलेश्वर करमाली ने बताया कि दर्शन के लिए रामगढ़ जिला के अलावा चतरा-सिमरिया, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा, रांची आदि स्थानों से हजारों की संख्या में महिला-पुरुष भाग लेंगे। मौके पर सुषमा उरांव, सुकर उरांव, सीतामनी देवी, सुंदरिका उरांव, लालमन मुंडा, संगीता उरांव, ललिता देवी, ठाकुर करमाली, हरि करमाली, राजू मुंडा, अनु कुजुर, दिलीप करमाली, रामलखन करमाली, संजय करमाली, संतोष करमाली, दिनेश करमाली, दिलीप कालिंदी, श्रवण कुमार, जगदीश करमाली, जगरनाथ करमाली, सोहन करमाली व अन्य मौजूद थे।

### जमुरिया बाजार में भंडारा आयोजित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण एवं प्राण-प्रतिष्ठा सनातनी युवा संघ के तत्वावधान में सयाल जमुरिया बाजार मंदिर के निकट करीब 2000 भक्तों के बीच खिचड़ी वितरण किया गया। पूर्व मंदिर में पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। जय श्री राम, जय हुनमान सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। भंडारा को सफल बनाने में अनूप कुमार उर्फ पिन्टू सिंह, कृष्णा साव, दीपक अरोड़ा, शशि दुसाद, सतीश लाला, बिनोद कुमार, छोटन सिंह, भूषण शर्मा, अजय भगत, मोनू साव, बबलू कुमार, मोनू राय, मुकेश भगत, अंकित, अमूल साव, गोलू, बंटी यादव, विक्की रॉय, जोंटी, पुनीत, मनीष, पिन्टू मुंडा, ऋषि, अंशु, मधेश यादव, रवि सिंह, बॉबी आदि का विशेष योगदान रहा।

### संस्कार भारती के कमिटी गठित



**रामगढ़ ।** विश्व हिन्दू परिषद के कार्यालय में संस्कार भारती संगठन झारखंड प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील अंकन की अध्यक्षता में बैठक हुई। संस्कार भारती समिति का गठन हुआ। संगीतकार विश्वनाथ दूबे को रामगढ़ जिले का अध्यक्ष बनाया गया। पुतुल सिंह को उपाध्यक्ष और ऊर्जावान युवा कवि राकेश श्रीवास्तव को मंत्री पद देकर कार्यभार दिया गया। रणधीर कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। विद्या संयोजक के तहत संगीत कला संयोजक मनोज पाठक , चित्रकला संयोजक पिंकी कुमारी एवं ऋषभ सिन्हा को जिला कार्यकारिणी का पदभार दिया गया। संरक्षक विकाश झा और मार्गदर्शक मंडल के नितेश मोदी भी मौजूद थे ।

### नीतीश के सीएम बनने पर आतिशबाजी



**कुजू।** जदयू कार्यकर्ताओं ने नीतीश कुमार के 9वीं बार मुख्यमंत्री बनने पर जमकर आतिशबाजी किया। कार्यकर्ताओं ने नयामोड़ चौक पर जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू के नेतृत्व में आतिशबाजी करते हुए लोगों के बीच मिठाई का वितरण किया। जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि नीतिश कुमार के इस फैसले से पार्टी और मजबूत होने के साथ हम सभी कार्यकर्ताओ में उर्जा का श्रोत हुआ है। नीतीश ने पार्टी हित व जनता के विकास को देखते हुए भाजपा के साथ गठबंधन किया है। मौके पर जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, प्रदेश महासचिव जगदीश महतो, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भूषण उराव, प्रखंड उपाध्यक्ष रौशनलाल महतो, राम अवतार महतो, पवन करमाली, पवन महतो, रामाकांत पटेल, उमेश प्रसाद, नागो मालाकार, फुलमतिया देवी, अकबर अंसारी, शक्ति केशरी, कपिल प्रसाद, हरिचरन महतो आदि मौजूद थे।

### ऊर्जा रत्न प्रतिमा का अनावरण



**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र प्रशासनिक भवन प्रांगण में नवस्थापित प्रतिमा ऊर्जा रत्न का अनावरण हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (कार्मिक) के कर कमलों के द्वारा हुआ। बता दें कि रजरप्पा क्षेत्र में कोयला श्रमिकों को समर्पित एक सुपरवाइजर की प्रतिमा स्थापित किया गया है। जिसका अनावरण सोमवार को महाप्रबंधक पीएन यादव की उपस्थिति में निदेशक (कार्मिक) द्वारा हुआ। इस अवसर पर महाप्रबंधक (खनन) बिनोद कुमार ने निदेशक (कार्मिक) को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर उपस्थित एसीसी सदस्यों द्वारा भी निदेशक हर्ष नाथ मिश्र को पुष्प देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के सभी अधिकारी, कर्मी, ट्रेड यूनियन प्रतिनिधिगण, समेत सैकड़ो उपस्थित थे।

# पूर्व रेंजर का ड्राइवर ही निकला चोर, 45 लाख रुपया बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ लाजपत नगर निवासी पूर्व रेंजर छोटेलाल शाह के घर से 23 जनवरी को हुयी चोरी का पुलिस ने किया उद्भेदन, रांची के एजाज अंसारी को पकड़ा



**हजारीबाग।** सदर थाना ने चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी रांची जिला के जगन्नाथपुर थाना निवासी 36 वर्षीय एजाज अंसारी है। पकड़े गए आरोपी के पास से चोरी की गई 45 लाख रुपया नगद बरामद किया गया है। यह मामला हजारीबाग सदर थाना क्षेत्र का है। दरअसल लाजपत नगर निवासी पूर्व रेंजर छोटेलाल शाह के घर से 23 जनवरी को चोरी का मामला प्रकाश में आया था। जिसका आवेदन वादी के द्वारा सदर थाना में दिया गया था। जिसमें कांड संख्या 26/24 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया। जिससे पुलिस इस निर्णय पर पहुंची की चोर कोई नहीं बल्कि रेंजर का ड्राइवर ही था। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि पूर्व रेंजर छोटेलाल शाह अपने घर में चोरी होने का आवेदन दिए थे। इसके बाद एक टीम की गठित की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए ड्राइवर को गिरफ्तार किया। बताया कि छोटेलाल साह रामेश्वर प्लाजा नियर मारुति शोरूम के पास रहते थे। 8 फरवरी को उनकी बेटी की शादी होनी थी। जिसके लिए वह कर्ज पर रुपया लाकर अपने फ्लैट में रखे थे। रुपया रखने के बाद रांची किसी काम से चले गये। इसी बीच उनके विश्वासी ड्राइवर ने पैसे को उड़ा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यह मोटी रकम का मामला है। इसलिए कोर्ट भेजा जाएगा अब यह कोर्ट का मामला है।

# प्रश्न पत्र निर्धारित वक्त में ही हल करें : प्रधान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के छात्रों को परीक्षा की तैयारी के लिए प्राचार्य ने दिये कई टिप्स



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीबीएसई 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू होने में अब कुछ दिन ही शेष है। विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी में जुटे हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि उन्हें परीक्षा को लेकर सही दिशा-निर्देश मिले, ताकि उनका रिजल्ट बेहतर बन सके। विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित कई बातों का ध्यान रखना चाहिए, जिससे लास्ट मिनट में उनकी तैयारी और पुख्ता बन सके। साथ ही वे अनावश्यक तनाव और थकान से बच सकें। इन्हीं बातों को केंद्र में रखते हुए श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान ने विद्यार्थियों के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए बताया की परीक्षा की तैयारी के लिए प्लान जरूरी है। यह तय करें कि किस सब्जेक्ट और टॉपिक को पहले पढ़ना है और किसे बाद में। टॉपिक को छोटे-छोटे हिस्सों मे पढ़ें, ताकि सभी महत्वपूर्ण टॉपिक कवर हो जाए। यह ध्यान रखें कि किसी भी टॉपिक को इग्नोर नहीं करना है। बोर्ड परीक्षा के लिए आपका सिलेबस कम्पलीट होना चाहिए। इसलिए कठिन और आसान दोनों टॉपिक को बराबर समय दें। उन्होंने बताया कि एग्जाम की तैयारी का सबसे अच्छा तरीका पुराने प्रश्न पत्रों को हल करना है। यह ध्यान रखें कि प्रश्न पत्र निर्धारित वक्त में ही हल करें। इससे परीक्षा के समय टाइम मैनेज करना आसान होगा।

अगर अच्छे अंक प्राप्त करना चाहते हैं तो किसी भी विषय में रट्टा मारने के बजाय उसे समझने की कोशिश करें। कई बार परीक्षा में सवाल को घुमा कर पूछ दिया जाता है। ऐसे सवाल का जवाब पता रहने के बाद भी हम उसका उत्तर नहीं लिख पाते है, क्योंकि हम सवाल को ठीक से समझ नहीं पाते हैं। प्राचार्य ने बताया की पेपर्स की अच्छी तरह से तैयारी करना आपके एग्जाम स्ट्रेस को कम करेगा। बोर्ड परीक्षा में अब महीने भर से कम समय बचा है। इसलिए सभी टॉपिक को कवर करने के लिए रोजाना 10-12 घंटे का समय जरूर दें। साथ ही अच्छे नंबर पाने के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाएं। परीक्षा की तारीख पास आते ही स्टूडेंट्स अक्सर तनाव का शिकार होने लगते हैं। जैसे-जैसे परीक्षा नजदीक आती है, वह अच्छे रिजल्ट और कोर्स कंप्लीट करने की वजह से चिंता से घिरने लगते हैं। इसलिए कूल रहें और पढ़ाई पर फोकस करें। श्री प्रधान ने कहा कि चिंता करने के बजाय परीक्षा की तैयारी करते समय कम से कम 7 घंटे की नींद जरूर लें, ताकि आपका माइंड फ्रेश फील कर सके।

### मांडू में आंगनबाड़ी यूनियन की बैठक

मांडू। मांडू चट्टी पंचायत सचिवालय में सोमवार को झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन की बैठक पंचायत सेविका रेखा देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष वीणा सिन्हा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा,पलामू जिला संयोजक महेंद्र प्रजापति के उपस्थिति में 11 फरवरी को रांची में होने वाले सेविका सहायिका का महासम्मेलन का तैयारी एवं संगठन के मजबूती पर विचार विमर्श किया गया । कार्यकारी अध्यक्ष ने आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन के लिए रामगढ़ जिला कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में रेखा देवी मांडू को मनोनीत किया । उपस्थित सभी सेविका सहायिका बहनों द्वारा मनोनीत अध्यक्ष एवं अतिथियों का स्वागत किया । साथ ही महासम्मेलन में रांची ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में रंजू मिश्रा, कुसुम देवी ,जयंती देवी,ममता प्रसाद,टेरेसा मुर्मू,कनिज अजमेरी,वनिता देवी, मीना देवी,मुन्नी देवी,बासमती देवी, झालो देवी, सुषमा देवी, फहराना परवीन, विद्या देवी,मधु देवी, बहमनी हेंब्रम,सरिता देवी, नीतू सिन्हा पिंकी देवी, रीतलाल प्रसाद,रामवृक्ष महतो असेश्वर मुंडा आदि शामिल थे।

# तनाव को सफलता में बदलता है परीक्षा पे चर्चा : प्रवीण राजगढ़िया



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा को लाइव प्रसारण देखा। प्रधानमंत्री के संबोधन से बच्चे काफी मोटिवेट हुए। इस संबंध में बच्चों से पूछने पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तनाव को सफलता में बदलने का मूल मंत्र समझाया है। इससे आगामी बोर्ड परीक्षा को लेकर उनकी तैयारियों को और मजबूती मिली है। बेहतर परिणाम के लिए जरूरी सभी कारकों का प्रधानमंत्री ने जिक्र किया। प्रधानमंत्री मंत्री ने अभिभावकों को भी सलाह दिया कि बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड न बनाएं। अभिभावकों का अनावश्यक प्रेशर बच्चों की सफलता पर बुरा प्रभाव डालता है। विद्यालय के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा की परीक्षा पे चर्चा तनाव को सफलता में बदलता है। बच्चों के लिए परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम काफी लाभदायक सिद्ध होगा। पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा को लाइव प्रसारण देखने के बाद विद्यार्थियों ने इस तरह से अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दी। इसमें बरखा कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने परीक्षाओं को मनोरंजक और तनाव मुक्त बनाने का व्यावहारिक सुझाव दिया। इससे हमें काफी फायदा होगा। विद्या कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने तेज तर्रार दोस्त से प्रतिस्पर्धा और द्वेष नहीं करने बल्कि स्वयं से प्रतिस्पर्धा करने की सलाह दी है। उस दोस्त को अपनी प्रेरणास्रोत बनाने की सलाह पीएम ने दी है। सृष्टि कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमें बताया कि हमें निर्णायक होना चाहिए। डाइनिंग टेबल पर बैठकर यदि हम बगल वाले टेबल पर बैठे लोगों को देखकर अपना आर्डर करेंगे, तो स्वयं खाने का आनंद नहीं उठा पाएंगे। ऐसे में हमें कभी संतुष्टि नहीं मिलेगी। प्रेम कुमार ने कहा कि रील्स को लेकर कही गई बात अमल करने लायक है। पीएम ने रील्स के नुकसान पर कहा है कि रील्स देखते रहेंगे तो समय बर्बाद हो जाएगा। नींद खराब होगी।

### रामगढ़ में सीएम का पुतला फूंका



**रामगढ़ ।** सुभाष चौक के निकट सोमवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जेएसएससी की ओर से 28 जनवरी को आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यता धारी संयुक्त परीक्षा जेएसएससी एवं सीजीएल की तृतीय पाली की परीक्षा रद्द होने के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा रामगढ़ कैंट मंडल ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। तरुण साव ने कहा कि झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में कोई भी परीक्षा बेहतर तरीके से संपन्न नही हो पाई। जब जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा हुई तो पेपर लीक हो गया आखिर ऐसी चूक कैसे हो गई। कहा की हेमंत सोरेन सरकार से युवाओं का भला नहीं हो सकता । पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रोफेसर संजय सिंह , वरिष्ठ भाजपा नेता सहदेव ठाकुर , ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य विजय जायसवाल, रामगढ़ जिला एससी मोर्चा अध्यक्ष विनोद कुमार, भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल महामंत्री ऋषिकेश सिंह, किसान मोर्चा रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सत्यजीत सिंह, आईटी सेल प्रभारी शशि शेखर सिंह आदि उपस्थित थे।

# पतरातू में जानलेवा बनीं दो सड़कें, प्रशासन मौन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ हाल के दिनों में सड़क दुर्घटना में चार की मौत दर्जनों घायल

▸▸ समाजसेवी निशि पांडेय ने सड़क सुरक्षा को लेकर उठायी मांग

▸▸ ग्रामीणों ने वाहनों की गति निर्धारण की मांग की



**पतरातू ।** पतरातू रांची और पतरातू खलारी मुख्य मार्ग इन दोनों जानलेवा साबित हो रहा है। हाल के दिनों के सड़क दुर्घटनाओं पर गौर किया जाए तो चार लोगों की मौत हो चुकी है औ दर्जन भर से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। बीते दिसंबर माह में कटिया बस्ती निवासी भवानी महतो व बरतुआ निवासी बरजु महतो और इसी माह जनवरी में पालू गांव निवासी महेश महतो व पवन मुंडा ने सड़क हादसा में दम तोड़ चुका है।

पतरातू को रांची से और पतरातू को खलारी से जोड़ने वाली सड़क बनी तो लोगों को उम्मीद जगी की पतरातू से रांची और पतरातू से खलारी आना-जाना काफी सुगम होगा. लेकिन बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं ने लोगों की उम्मीदों को पानी फेर दिया है। वाहनों के तेज रफ्तार के कारण लोग उक्त सड़क पर पैदल चलने से भी डरते हैं। सोमवार को पतरातू थाना अंतर्गत डाड़ीडीह गांव के महुआ चौक के पास हुए सड़क दुर्घटना में पालू गांव के 22 वर्षीय युवक पवन मुंडा के मौत से मर्माहत समाजसेवी निशि पांडेय ने लगातार हो रहे हैं सड़क दुर्घटना पर चिंता जाहिर की और सड़क सुरक्षा की मांग उठाई. उन्होंने प्रशासन से उक्त सड़कों पर स्पीड ब्रेकर समेत अन्य सड़क सुरक्षा संबंधित उपाय करने की मांग की।

औद्योगिक संस्थानों को स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने की मांग की- सूचना मिलने पर पतरातू अस्पताल पहुंची समाजसेवी निशि पांडेय ने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया. मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने समाजसेवी निशि पांडेय को बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की घोर कमी है। अस्पताल भवन भी जर्जर है। निशि पांडेय ने कहा कि क्षेत्र के औद्योगिक संस्थाओं को सीएसआर फंड से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में भी काम करना चाहिए। वाहनों के गति निर्धारण की मांग की- पतरातू थाना क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, दिलीप दांगी, गंगाधर महतो, अशोक पाठक, कांग्रेसी नेता जयप्रकाश सिंह, पूर्व प्रमुख रमाशंकर पांडेय ने प्रशासन से वाहनों के गति निर्धारण की मांग की।

सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत- पतरातू थाना अंतर्गत डाड़ीडीह गांव के महुआ चौक के पास सोमवार को हुए सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई।

बताया कि पालू गांव निवासी पवन मुंडा अपनी मोटरसाइकिल से पतरातु की ओर आ रहा था। इसी दौरान डाड़ीडीह गांव के महुआ चौक के पास अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे एक पेड़ से जाकर टकरा गया, जिसमें उसकी मौत हो गई।

## एक नजर में

### बुढ़वा महादेव महाशिवरात्रि समिति गठित



**अध्यक्ष बिंदेश्वर और सचिव बने शशि कुमार**

बड़कागांव। प्रखंड के विख्यात महुदी पहाड़ बुढ़वा महादेव मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम के साथ महाशिवरात्रि मनाया जाएगा। जिसको लेकर बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में रविवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बुढ़वा महादेव शांति सह विकास समिति अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता एवं संचालन प्रकाश कुमार ने किया।बैठक में सर्व समिति से महाशिवरात्रि पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी,सचिव शशि कुमार कोषाध्यक्ष सत्यजीत विद्या अलंकार, मुख्य संरक्षक बालेश्वर महतो,कीनू महतो बुद्धिनाथ,संरक्षक जयशंकर मेहता,दामोदर प्रसाद मेहता,सहेश कुमार,अरविंद कुमार,शिबू मेहता,नरसिंह मेहता,प्रकाश कुमार ,रविंद्र कुमार,द्वारका महतो, भीम प्रकाश,रामधनी महतो सहित दर्जनों लोगों को कार्यकारिणी सदस्य में रखा गया। मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से इस बार भव्य तरीके से महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। हजारों की संख्या में बड़कागांव राम जानकी मंदिर से जुलूस के शक्ल में सिरमा छवनिया होते हुए बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंचेगी। इसके साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने प्रखंड वासियों से अपील की कि इस बार के महा शिवरात्रि पर में बढ़कर हिस्सा ले और पूजा को सफल बनाएं।

### रविदास महासंघ ने किया कमिटी का विस्तार



विष्णुगढ़। प्लस टू उच्च विद्यालय के परिसर में सोमवार को रविदास महासभा विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता महेंद्र राम तथा संचालन नरेश राम ने किया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से रविदास महा संघ विष्णुगढ़ का गठन किया गया। संगठन द्वारा गुलाब राम को अध्यक्ष, त्रिलोकी दास उपाध्यक्ष, सहदेव राम सचिव, प्रयाग राम उपसचिव, भीखन रविदास कोषाध्यक्ष, मनोज दास उपकोषाध्यक्ष चुना गया। संगठन मंत्री महेंद्र राम, संगठन सचिव रामेश्वर रविदास, प्रवक्ता बैजनाथ रविदास, मीडिया प्रभारी सुरेश राम, अजय कुमार रविदास, सलाहकार सुधीर राम चुने गये। मौके पर नरेश राम ने धन्यवाद देते हुए सभा का समापन किया। बैठक में अन्य प्रखंड से रविदास महासभा के लोग उपस्थित हुए थे। जिसमें मुख्य रूप सेलकी कुमार, गजेंद्र रवि, पशु रविदास, किशोर कुमार राम, महेंद्र दास, सोनू अंबेडकर, सहदेव राम,तिलेश्वर राम, राजेंद्र राम, रोहित कुमार दास, राजेश रविदास, बलदेव रविदास, नरेश कुमार, मनोज रविदास, सुरेश राम ,मोतीराम आदि उपस्थित थे।

### कर्पूरी ठाकुर की जयंती सह शोभायात्रा आज

इचाक। पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह 30 जनवरी को इचाक प्रखंड के हदारी मैदान में मनाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय नाई महासभा इचाक प्रखंड कमिटी के द्वारा किया गया है। इससे पूर्व प्रोजेक्ट बालिका स्कूल के सामने डॉ भीम राव अम्बेडकर स्थल के पास अतिथिगण एवं विभिन्न गांव से नाई समाज के लोग जुटेंगे। वहां बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद शोभा यात्रा के साथ सभी लोग इचाक बाजार से इचाक मोड़ का भ्रमण करते हुए हदारी मैदान मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंचेगे, भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100 वीं जयंती मनाई जाएगी। इसकी जानकारी कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार ठाकुर एवं सचिव मनोज ठाकुर ने दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्रम ठाकुर,गोपाल ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर समेत दर्जनों युवा जुटे हैं ।

### तीन फरवरी को राणा समाज की बैठक

**इचाक।** प्रखंड के ऐतिहासिक बड़ा अखाड़ा परिसर में राणा विश्वकर्मा समाज की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सोना राणा जबकि संचालन कमलेश राणा ने किया। कोर कमेटी के सदस्य वीरेंद्र राणा ने 3 फरवरी को मंगुरा में पारिवारिक सम्मेलन से संबंधित जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि आगामी माह में केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर 6 सूत्री मांग को लेकर रांची में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाना है। इसके लिए राज्य के सभी प्रखंडों में राणा विश्वकर्मा परिवार सम्मेलन कर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रखंड स्तर पर सम्मेलन किया जा है। सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया है।जिसका अध्यक्ष सोना राणा,सचिव बाबूलाल राणा, कोषाध्यक्ष मुकेश राणा, मीडिया प्रभारी अनिल कुमार को बनाया गया है इसके अलावा कमेटी में 21 लोगों को सक्रिय सदस्य बनाया गया है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि राणा समाज के प्रमंडलीय अध्यक्ष विकास राणा व विशिष्ट अतिथि जिले के सभी प्रखंड से प्रखंड अध्यक्ष व गणमान्य होंगे। मौके पर महादेव राणा ,देवनारायण राणा, राधेश्याम राणा, दुलारचंद राणा ,विष्णु राणा, बसंत राणा ,दीपक राणा ,धनेश्वर राणा ,रामेश्वर राणा ,राजेश राणा ,महावीर राणा, बैजनाथ राणा, वासुदेव राणा ,राम प्रसाद राणा ,कृष्णा राणा ,इंद्रदेव राणा ,सुरेश राणा के अलावा दर्जनों लोग शामिल थे।

### भाजयुमो ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन



**विष्णुगढ़** सचिवालय की परीक्षा पेपर लीक होने पर भाजयुमो ने सातमिल चौक विष्णुगढ़ में मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। विष्णुगढ़ भाजपा युवा मोर्चा ने दुर्गा मंदिर प्रांगण से लेकर सतमिल चौक तक हेमन्त सरकार का विरोध जताते हुए राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदेश भाजयुमों कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार महतो ने पेपर लीक की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र दिन रात की मेहनत कर किसी परीक्षा की तैयारी करते हैं। ऐसे में सरकार की बदइंतजामी की वजह से कितने युवाओ का भविष्य खराब होता है। परन्तु इस सरकार को इसकी तनीक भी चिंता नही है। इस कृत्य के लिए हेमंत सरकार को अपनी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, मंत्री राजेश सोनी,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बासुदेव महतो,अनु०जाति मोर्चा महामंत्री दीपक कुमार रजक,दिनेश कुमार मंडल,सतीश कुमार पटेल,तुलसी कुमार महतो समेत काफी संख्या में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।


75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त गारू प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जीरा देवी
जिलापरिषद सदस्य गारू
शंभु राम
प्रखंड विकास पदाधिकारी गारू
सीता देवी
प्रखंड प्रमुख गारू
राजीव भगत
थाना प्रभारी थाना गारू, लातेहार
धर्मेंद्र उपाध्याय
प्रभारी प्राचार्य उत्क्रमित +2उच्च विद्यालय गारू
तरुण कुमार सिंह
वन क्षेत्र पदाधिकारी वन प्रक्षेत्र बारेसांढ़ पीटीआर द. प्रमंडल मेदिनीनागर
उमेश कुमार दुबे
वन क्षेत्र पदाधिकारी वन प्रक्षेत्र गारू पूर्वी, पीटीआर द. प्रमंडल मेदिनीनगर
अमृत श्रीवास्तव
प्रभारी वनपाल वन प्रक्षेत्र गारू पश्चिमी पीटीआर द. प्रमंडल मेदिनीनगर
सालमोन कुल्लू
प्रभारी वनपाल आधे बीट, बारेसांढ़ प्रक्षेत्र पीटीआर द. प्रमंडल मेदिनीनगर
रंजय कुमार
प्रभारी वनपाल गारू पूर्वी प्रक्षेत्र, पीटीआर द. वन प्रमंडल मेदिनीनगर
ओमप्रकाश पाल
प्रभारी वनपाल रुद दक्षिणी वन प्रक्षेत्र गारू पूर्वी पीटीआर द. प्रमंडल मेदिनीनगर
विवेक विशाल
प्रभारी वनपाल मुंडु, गारू पश्चिमी वन प्रक्षेत्र द. प्रमंडल मेदिनीनगर
पंकज कुमार पाठक
संयुक्त मंत्री झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ
मुकेश कुमार ओझा
प्रभारी वनपाल कुजरूम पश्चिमी वन प्रक्षेत्र बारेसांढ
वरदान भगत
वनरक्षी वन प्रक्षेत्र बारेसांढ़ पीटीआर दक्षिणी प्रमंडल मेदिनीनगर
पतरस नगेसिया
प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकीयकृत उ. म. वि. सालवे, गारू
मुकेश कुमार
प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) गारू
सुनेश्वर सिंह
मुखिया कारवाई पंचायत गारू
राजेश कुमार
जनसेवक सह प्रभारी गोदाम प्रबंधक गारू
अजय टोप्पो
मुखिया पंचायत रुद, गारू
कमरुद्दीन खलिफा
प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष गारू, लातेहार
सुभाष कुमार सिंह
मुखिया पंचायत मायापुर, गारू
दिलीप पाल
सहायक अभियंता मनरेगा
रूपमणि नगेसिया
मुखिया बारेसांढ़ पंचायत
मनोज उरांव
कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य गारू
उमेश कुमार पाठक
प्रधानाध्यापक राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय गारू
छोटनी देवी
मुखिया पंचायत कोटाम, गारू
अंजुम निशा
पंचायत सचिव पंचायत धांगरटोला


75 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त बारियातू प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आईये हम सभी मिलकर बारियातू प्रखंड के विकास में सहभागी बने
मुखिया संघ बारियातू
सुरेश उरांव
मुखिया पंचायत सिबला
रानो देवी
पंचायत गोनियां
सुरेश उरांव
मुखिया पंचायत डाढ़ा
केदार गंझू
मुखिया पंचायत, बालूभांग
तेतरी देवी
मुखिया पंचायत फुलसू
निवेदक : अर्जुन उरांव
सरिता देवी
मुखिया बारियातू
निवेदक : प्रमोद उरांव
शांति देवी
मुखिया पंचायत टोंटी
सुशीला देवी
मुखिया अमरवाडीह
निवेदक : राजेंद्र उरांव
राजीव भगत
मुखिया सालवे


75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त बेतला पंचायत समेत बरवाडीह प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
संतोष यादव
भाजपा जिला मंत्री सह समाजसेवी हेरहंज
मनोज यादव
हेरहंज भाजपा मंडल कोष अध्यक्ष
नीतीश कुमार
थाना प्रभारी हेरहंज
शिवनाथ रजक
लातेहार विधानसभा भावी प्रत्याशी सह समाजसेवी हेरहंज
बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता
अध्यक्ष हेरहंज रौनियार वैस्य समाज प्रखंड
अमित गुप्ता
भेंड़र आपूर्ति कर्ता हेरहंज
राजबली यादव
उपमुखिया पंचायत हेरहंज
बिनोद सिंह
उपमुखिया पंचायत सेरनदाग
समीर सुमन
जनसेवक सह पंचायत सचिव हेरहंज
जनवितरण प्रणाली दुकानदार संघ हेरहंज

## स्पीड न्यूज

### प्रसव हुई महिला की गई जान, ग्रामीणों ने काटा बवाल


हंगामा करते ग्रामीण।

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के फूलसु पंचायत अंतर्गत करमा ग्राम निवासी सुनीता देवी ( 21) वर्षीय पति लालधारी गंझु की प्रसव के बाद मौत हो गई। आक्रोषित ग्रामीणों ने बवाल काटा, जानकारी देते हुए मृतक के पति लालधारी गंझु ने बताया की मेरे पत्नी सुनीता की रविवार शाम को प्रसव पीड़ा हुआ। प्रसव पीड़ा होने के बाद बठेठ बरछिया निवासी कौशर अंसारी पिता सतार अंसारी का बोलेरो से स्वास्थ्य उपकेंद्र बारियातू ले गए। जहाँ एएनएम जीवन लकड़ा द्वारा सामान्य प्रसव कराया गया। प्रसव के बाद चक्कर आने लगा, स्थिति को देखते हुए एएनएम ने लातेहार रेफर कर दिया। रेफर के बाद लातेहार के लिए बोलेरो से निकले। जैसे ही बालूमाथ पहुंचे वैसे ही कौशर अंसारी ने बालूमाथ श्री हॉस्पिटल चलने को कहा, वहीं बताया की हम गांव देहात के आदमी हैं। समझ नहीं सके, श्री हॉस्पिटल के डॉक्टर ने गाड़ी में ही पत्नी की आंख और जीभ देख कर चतरा मेहता हॉस्पिटल में फोनकर बोला एक को भेज रहे हैं और चालक व श्री हॉस्पिटल के चिकित्सक के कहने पर वहाँ चले गए जहाँ एक घंटे तक इलाज किया और रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स ले जाने के क्रम में मौत हो गई। वहीं भोगता समाज के प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझु, ग्रामीण वीरेंद्र केशरी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कहा की बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज तीनो प्रखंड का स्वास्थ्य उप केंद्र का संचालन बालूमाथ से होता है। बालूमाथ में इलाज के लिए समुचित व्यवस्था नहीं रहता है जिसके कारण लातेहार व रिम्स रेफर कर दिया जाता है। जिसका नाजायज फायदा प्रावेट हॉस्पिटल उठाते हैं। कमीशन सेटिंग के कारण श्री हॉस्पिटल के चकित्सक और चालक द्वारा चतरा मेहता हॉस्पिटल भेजा गया। जिससे महिला की जान चली गई। ग्रामीणों ने घंटो भर बरछिया मुख्य सड़क के पास बवाल काटा सरकारी उपस्वास्थ्य केंद्र द्वारा रेफर किए जाने वाली प्रसव पीड़ा महिला के इलाज के लिए सीएचसी बालूमाथ में सुविधा उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

### पेपर लीक मामले की सीबीआई से हो जांच : हरिकृष्ण सिंह


पुतला दहन करते भाजपाई।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वाधान में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अंकित राज गोलू ने किया। मौके पर भाजपा के कार्यकताओं के द्वारा हेमंत सोरेन मुदार्बाद,युवा विरोधी सरकार हाय हाय का नारा लगाते हुए पचफेड़ी चौक पर पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि यह सरकार सिर्फ गरीबों के नाम पर सत्ता में आकर सत्ता के नशे में चूर होकर कार्य कर रही है। श्री सिंह ने कहा कि झारखंड के विद्यार्थियों के साथ छल किया जा रहा है अभी वर्तमान में हुए जेएसएससी की परीक्षा में परीक्षा से पहले पेपर लीक का मामला आया है जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री सिंह ने कहा कि पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच होनी चाहिए क्योंकि यहां के गरीब विद्यार्थी इस कड़ाके की ठंड में परीक्षा देने गए लेकिन फल शून्य निकला। मौके पर बलवंत सिंह, छोटू राजा, बबन पासवान, संदीप उरांव, मनदीप कुमार, विकास तिवारी, विश्वनाथ राय, अंकित कुमार, अमित राय, संपत सिंह, सुरेंद्र यादव, सागर यादव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### जेएसएससी परीक्षा पत्र लीक होने के विरोध में भाजयुमो ने किया सीएम का पुतला दहन

# युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है हेमंत सरकार : विकास सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता


हेमंत सोरेन का पुतला दहन करते भाजपा कार्यकर्ता।

**बरवाडीह।** पिछले दिनों जेएसएससी परीक्षा पत्र लीक होने के मामले को लेकर सोमवार को भाजयुमो बरवाडीह और छिपादोहर मंडल कमेटी के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। जहां बरवाडीह में भाजयुमो कार्यकताओं ने मण्डल अध्यक्ष विकास सिंह के नेतृत्व में बस स्टेंड के अंबेडकर चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया और मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की। वहीं छिपादोहर में सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी के नेतृत्व में सीएम का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन मुदार्बाद के नारे भी लगाए। जहां विकास सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। हमारी मांग है कि इस परीक्षा को रद्द करते हुए परीक्षा की नई तिथि की घोषणा कर स्वच्छ तरीके से परीक्षा ली जाए। वहीं अजय सोनी ने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य के साथ नाइंसाफी हमलोग नहीं होने देंगे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, भाजयुमो जिला मंत्री अजय प्रसाद, मंडल कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद ओपी, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, महामंत्री पारस जयसवाल, हेमंत कश्यप, प्रवीण कुमार, पवन कुमार प्रजापति, दिलीप पासवान, मनोज सिंह चेरो, मनोज यादव, दीपक तिवारी, प्रदीप कुमार और छिपादोहर में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह, मुन्ना गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, पवन गुप्ता, चंद्रदीप सिंह, जाकिर अंसारी, जयप्रकाश गुप्ता और कमलेश गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सीआरपीएफ ने किसानों के बीच बांटी बीज और दैनिक उपयोग की सामग्री

**बरवाडीह।** सीआरपीएफ की 112 वीं वाहिनीं के द्वितीय कमान अधिकारी जय प्रकाश सिंह एवं डी/112 कम्पनी के कम्पनी कमाण्डर निरीक्षक/जीडी गर्ग नारायण बर्मन के निर्देश पर डी कम्पनी द्वारा अम्वाटिकर, जोबे, कटिया तथा आस-पास के गाँव के लोगों एवं स्कूली बच्चों के बीच सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत किसानों के लिए बीज व अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे कम्बल, सोलर लाईट, वाटर टैंक एवं स्कूली बच्चों के लिए खेल-कूद के सामान के साथ छोटे बच्चों को स्कूल बैग, ड्राइंग बाक्स, पेन, पेंसिल, रबर, कटर एवं अन्य सामान का वितरण किया गया।

### नीलगाय टकरा जाने से बाईक सवार हुआ घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ पांकी मुख्य पथ पर झाबर ग्राम के समीप नीलगाय के टकरा जाने के कारण मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मिन्हाज आलम 40 वर्ष पिता मो. इस्लाम पांकी पलामू निवासी पांकी से बालूमाथ सोनाली बाजार शोरूम आ रहा था ।इसी बीच झाबर ग्राम के समीप सड़क में एक नीलगाय अचानक दौड़ जाने के कारण वह मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### पूर्व विधायक ने सैकड़ो गरीबों के बीच निजी कोष से किया कंबल वितरण


कंबल वितरण करते पूर्व विधायक।

**बालूमाथ।** लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम ने इन दिनों बढ़ती ठंड को देखते हुए निजी कोष से बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बसिया ग्राम में सैकडो गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर बसिया पंचायत मुखिया विमला देवी पंचायत के सभी 13 वार्ड के सदस्य सहित कई लोग उपस्थित थे। मौके पर बोलते हुए विधायक ने कहा कि इन दिनों प्रखंड में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिसमें वृद्धा,विधवा एवं असहाय लोग ठिठुरने को विवश थे। इसी को देखते हुए लोगों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है ।ताकि ठंड से इन लोगों को निजात मिल सके। वहीं भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य संजय यादव ने कि प्रकाश राम गरीबों के मसीहा है। चुनाव हारने के बाद भी आज उनके द्वारा गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है जो कही पुनीत कार्य है। मौके पर जिला युवा सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र साव,जिला मंत्री सूरज शाह, मंडल मंत्री अखिलेश गंझु, कृष्णा यादव, लालदेव गंझू रामप्रवेश राम, राम कुमार उरांव, रामकुमार यादव, अजय चौधरी,बाबूलाल गंझु सहित कई लोग उपस्थित थे।

### शिव शनि देव मंदिर का वार्षिकोत्सव का किया जायेगा आयोजन


भगवान शिव शनि देव की प्रतिमा।

**लातेहार।** शहर के बाजारटांड स्थित शिव शनि देव मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव को लेकर तैयारी आरंभ कर दी गई है। मंदिर के अध्यक्ष निर्मल महलका ने बताया कि शिव शनि देव मंदिर का वार्षिकोत्सव को लेकर तैयारी आरंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि श्री शिव शनि मंदिर चतुर्थ वार्षिक उत्सव को लेकर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। जिसके तहत 1 फरवरी गुरुवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात बाद वेदी पूजन का कार्यक्रम होगा। 02 फरवरी शुक्रवार को प्रात: 8:00 बजे शनि अभिषेक, रुद्रा अभिषेक, और हवन का कार्यक्रम होगा। 12:30 बजे दीप प्रज्वलन के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### बिना भाड़ा भुगतान किए कोलियरी में ट्रक प्रवेश कराने का ट्रक मालिको ने जताया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता


विरोध करते ट्रक मालिक।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में सोमवार को बिना भाड़ा भुगतान किये बालूमाथ साइडिंग के लिए ट्रकों का प्रवेश करा दिया गया। जिसको लेकर बालूमाथ एवं बसिया के ट्रक मालिकों ने आक्रोश जताया और तेतरियाखांड स्थित पिट ऑफिस पहुंचकर ऐसी गाड़ियों को एमटी आउट करने की मांग किया ।मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ ट्रक ऑनर ऐशो. अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि पिछले दिनों बालूमाथ एवं बसिया के ट्रक मालिको की बैठक में निर्णय लिया गया था की जिन-जिन डीओ होल्डर द्वारा ट्रक मालिको का भाड़ा भुगतान नही किया गया है ।ऐसे डीओ होल्डर के कोयला का उठाव नही करेंगे। बावजूद ऐसे डीओ होल्डर का सीसीएल की मिलीभगत से जबरन गाड़ियों का प्रवेश करा दिया गया। एक तो पहले ही कोयला रेजिंग कार्य कर रहे पीएनएम कंपनी को सीसीएल की मिलीभगत से ट्रांसपोटिंग का कार्य दे दिया गया है ।जो नियम के विरुद्ध है ।वही विस्थपित नेता संजय यादव ने कहा कि सीसीएल और कंपनी दोनो मिलकर ओबी में डालने लायक कोयले को रेजिंग के नाम पर दे रही है ।ताकि पावर प्लांट को फायदा पहुंचाया जा सके ।और सेल का कोयला प्रभावित हो ।समाचार लिखे जाने तक सीसीएल मैनजर कमर फहीम आजाद एवं ट्रक मालिको के बीच वार्ता जारी थी। मौके पर सुनील पांडे, रौशन यादव, काली यादव, विकास यादव, तिवारी यादव, कृष्णा साव, तिलकधारी साव, कमलेश सिंह, नामेश्वर गुप्ता, अशोक यादव, टेकलाल तुरी, रविन्द्र साव, संजीत साव पंकज सिन्हा, दिलीप यादव,बबलू साव समेत सैकड़ो ट्रक मालिक उपस्थित थे।

## बारियातू में कांग्रेसियों ने चलाया विकास परामर्श यात्रा


परामर्श यात्रा चलाते कार्यकर्ता।

**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे, टोटी व सिबला पंचायत में राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार के अध्यक्षता में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने चलाया विकास परामर्श यात्रा। परामर्श के दौरान त्रिपाठी ने साल्वे टोटी व सिबला पहुँच कर ग्रामीणों से आशीर्वाद लिया साथ ही कहा की कांग्रेस पार्टी के अलावे आज तक जो भी सांसद चुन कर गए हैं वे चुनाव जितने के बाद क्षेत्र में नहीं आते हैं। भाजपा सरकार बनाने से पहले नौकरी रोजगार देने सहित अनगिनत वायदे किए थे। परन्तु कांग्रेस सरकार के कार्यकाल से भाजपा सरकार को तुलना किया जाय तो महंगाई और बेरोजगारी व भ्रष्टाचार चरम सीमा पार है। कांग्रेस ने आधुनिक भारत निर्माण करने की मिशन पर काम किया है जो हर जगह देश में दिख रहा है। साथ ही ग्रामीणों को कहा की कांग्रेस पार्टी के साथ कदम में कदम मिलाकर चलें और आपलोगों का आशीर्वाद चाहिए। मौके पर एससी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष कुलदीप राम यूथ अध्यक्ष लाल आशीषनाथ शाहदेव, पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र भगत, संतोष राम, मो. आलम, निरंजन यादव सहित जगदीश उरांव, कौलेश्वर उरांव, संदीप उरांव, राजेश उरांव, अजय राम सहित दर्जनों कांग्रेसी और ग्रामीण मौजूद थे।

## मुखिया संघ की बैठक में कई समस्याओं पर हुई चर्चा


बैठक में शामिल मुखिया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा पूर्वी पंचायत सचिवालय परिसर में सोमवार को मुखिया संघ की बैठक संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष रंजीत उरांव ने किया। बैठक में मूखियाओं के अधिकारों एवं योजनाओं के धरातल पर उतारने में हो रही परेशानियों पर गंभीरता से चर्चा किया गया। मुखियाओं ने कहा कि अबुआ आवास योजना चयन में पंचायत प्रतिनिधियों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जायेगी। आरोप लगाये हुये कहा कि योजना में लाभुको के चयन व अंक देने में मुखिया से वगैर कोई समन्वय के हीं कार्य किया गया है। मुखिया व जनप्रतिनिधि को दरकिनार कर अधिकारी अपने हिसाब से काम कर रहे है। जिस कारण कई योग्य लाभुक भी योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। इस योजना में अभी से हीं बिचौलिये हावी नजर आ रहे है। यह काफी गंभीर बात है। इसके खिलाफ पुरजोर विरोध किया जायेगा। बैठक के दौरान मुखिया संघ ने इसके विरूद्ध चरणवद्ध आंदोलन करने को लेकर रणनीति भी तैयार किया। बैठक में मुखिया जतरू मुंडा, सुख नारायण सिंह, नरेश भगत, रंजीता एक्का, शकुंतला देवी, फुलजेन्सिया टोप्पो, अनिता भगत, सुनिता खलखो, ललिता देवी, पुष्पा देवी समेत कई अन्य मौजूद थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT ROAD DIVISION, KHUNTI**

**e-Procurement Notice**
**VERY SHORT TENDER**
**(2nd Call)**

E_Tender Reference No. RCD/KHUNTI/ 118 Date :- 29.01.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Improvement of Riding Quality Pavement of Khunti – Torpa – Kolebira (SH-03) Road from Km 5.00 to KM 56.00 (Total Length - 52.00 KM) (Carriageway – 10.00M) |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 54,95,73,659.57 Rs. Fifty Four Crore Ninety Five Lakh Seventy Three Thousand Six Hundred Fifty Nine and Paise Fifty Seven only. |
| 3. | Bid Security (Rs.) | Rs. 54,96,000.00 Rs. Fifty Four Lakh Ninety Six Thousand Only. |
| 4. | Cost of Document (Rs.) | Rs. 10,000.00 Rs. Ten Thousand Only. |
| 5. | Time of Completion | 10 (Ten) Months |
| 6. | Last date / Time for receipt of bids | 09.02.2024 up to 12:00 Noon |
| 7. | Date of Publication of Tender on website | 30.01.2024 at 10:30 A.M. |
| 8. | Name & Address of office Inviting tender | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Khunti |
| 9. | Contact no. of Procurement Officer | 06528-221215 |
| 10. | Helpline number of e-Procurement Cell | 0651-2401010 |

Note :- Estimated cost of tender can be increased or decreased
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

*Executive Engineer,*
*R.C.D., Road Division, Khunti*

PR 317259 (Road) 23-24 (D)

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, SIMDEGA.**

**e-Procurement Tender Notice, 2nd Call**
**Tender Reference No. WRD/MID/SIMDEGA/F2-05/2023-24 Date :- 27/01/2024**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Name of the work :- Construction of Single Checkdam on Dhuma Bandh Nala Block-T.Tangar | Estimated Cost (Rs.) 89,56,636.00 | Earnest Money (Rs.) 1,79,200.00 | Cost of Tender Paper (Rs.) 10,000.00 |
| 2. | Time of Completion. | 335 days (11 Month) | | |
| 3. | Date of Publication of Tender on website | 02-02-2024 (2:00PM.) | | |
| 4. | Last date/Time for submission of Bids (online) | 15-02-2024 (up to 5:00 PM.) | | |
| 5. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 15-02-2024 (up to 5:00 PM.) | | |
| 6. | Date of opening of e-tender | 17-02-2024 ( 02.00 PM) | | |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | EXECUTIVE ENGINEER,MINOR IRRIGATION, DIVISION,SIMDEGA. | | |
| 8(a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e-procurement Officer | 7004377291 midivsimdg@gmail.com | | |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell. | 0651-2491232 | | |

Note :-(1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
M.I.Division,Simdega.

PR 317182 Simdega(23-24)#D

**District AYUSH Society, Ramgarh**

**Recruitment Notice** Annexure – III
**Recruitment for DPMU cell on contract basis at district AYUSH Society, Ramgarh**

**National AYUSH Mission (NAM), Jharkhand,** is committed to provide accessible, affordable and accountable quality health services to the last person of the last household at the last village. The trust is on establishing a fully functional, community owned, decentralized health delivery system with intersectoral convergence at all level, to ensure simultaneous action on a wide range of health determinants such as water, sanitation, education, nutrition, social and gender equality.

NAM, Jharkhand is seeking online application from eligible candidates for the following position for District AYUSH Society, Ramgarh, Government of Jharkhand :-

| Sl.No. | Name of Post | Number of Post | Remuneration (Rs. / month) | Qualification & Eligibility Criteria |
|---|---|---|---|---|
| 01 | District Programme Manager | 01 (UR) | Rs. 50,000/- | **Essential Minimum Qualification :** Graduation degree in any discipline including AYUSH and MBA in Healthcare Management / Masters in health / Hospital administration / Post Graduation diploma in Hospital & Healthcare management (Two Years) from AICTE recognized institute. **Essential Minimum Experience :** Minimum 01 year working experience in public health programme. Exposure in social sector schemes / mission at national, state and district level. **Require Minimum Competencies :** Computer knowledge including MS Office, MS Word, MS Power Point, and MS Excel would be desirable. **Note :** Preference will be given to person having experience of working in Health sector including AYUSH. |

**Terms of Engagement :**
1. Contractual employment will be made for 1 year from the date of appointment. However, contract may be extended or terminated on the basis of satisfactory / unsatisfactory service without any notice.
2. Age limit: Minimum – 21 years Maximum – 60 years as on 1st Aug 2023.
3. **Last date for receiving the application is 08.02.2024. Application received after last date / time will be refused / rejected and interview date 12.02.2024**
4. The successful candidate will be required to execute contractual agreement and their service will be guided by the service rules of NAM.
5. How to apply : Apply and Fill the form along with the required document and enclose the Draft of amount Rs. 1000/- in Favors of **District AYUSH Medical Officer, Ramgarh**.
6. Required document :
   a. Adhar Card
   b. Pan Card
   c. Photograph ( Passport Size)
   d. 10th Mark Sheet
   e. 12th Mar Sheet
   f. Semester wise mark sheet of BAMS / BUMS / BHMS / BYNS / MBA – Finance / M.Com / C.A / ICWA / ICWA (Inter) / CA (Inter) / Graduation / MBA.
   g. Degree certificate
   h. Experience Certificate
   i. Cast Certificate for ST/SC/EBC I/BC II/ EWS ( If applicable) – Which should not be older than 6 months before the last date of application.
   j. Domicile/ Residential Certificate (If Applicable) – Which should not be older than 6 months before the last date of application.
7. For the post of District Programme Manager shortlisted candidate would be called for document verification and personal interview on the date, time and place communicated to them through website. Personal interview will be conducted under the chairmanship of Deputy Commissioner.
8. Note: If number of application increases considerably than written Exam may be conducted by authority.
9. List of selected candidate will get an annual enhancement of 03% based on satisfactory performance to be decided by the performance assessment committee of AYUSH.
10. Leave – The selected candidate will get maximum 18 days leave during a calendar year.
11. The District AYUSH Society reserves the right to cancel / postponed the recruitment wholly or partly if so required. No Claim will be admissible in case of such cancellation / postponement.
12. Canvassing in any form either for selection or for place of posting will result in cancellation of the candidature of the applicants.
13. Minimum qualification marks will be as per the resolution no. 13026 dated 27.11.2012, issued by Department Personnel, Administration Reforms & Rajbhasha, Jharkhand.
14. For more details please visit Annexure-1 & Annexure –II.

नोट :–
1. उक्त नियुक्ति संबंधी संविदा राशि, अर्हताएं, अन्य शर्तें, आवेदन प्रपत्र इत्यादि का विवरण रामगढ़ के वेबसाईट www.ramgarh.nic.in अथवा सिविल सर्जन, रामगढ़ कार्यालय के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।
2. आवेदन के साथ संलग्न Recruitment Notice में वर्णित अभिलेखों की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न कर कार्यालय के पता पर हार्ड कॉपी डाक के द्वारा दिनांक 08.02.2024 एवं ई०मेल– damoramgarha yush@gmail.com पर सॉफ्ट कॉपी अवश्य भेजेंगे। साक्षात्कार दिनांक 12.02.2024 को निर्धारित की गई है।
3. मॉग की गई 1000.00 (एक हजार रु० मात्र) राशि को जिला आयुश चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़ के नाम डी०डी० बनाकर आवेदन के साथ संलग्न करेंगे।

ह०/–
प्रभारी जिला आयुश चिकित्सा पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 317275 (District)23-24*D

**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
**एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड**

अति अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (3rd Call)
**PR No.- 314099 Dated : 22.12.2023**
अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- **259/2023-24** दिनांक :- 29.01.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-KOD-05 / 2023-24 | मरकच्चो | 1 | पी०डब्ल्यू०डी० रोड जामू से हरलाडीह भाया हरिजन टोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.175 कि०मी०) | 1085.567 | दस करोड़ पचासी लाख छप्पन हजार सात सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | मरकच्चो | 2 | मरकच्चो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से भोजपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.500 कि०मी०) | | | |
| | | मरकच्चो | 3 | पी०डब्ल्यू०डी० से सिमरिया टॉड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.750 कि०मी०) | | | |
| | | मरकच्चो | 4 | तेतरीन पी०डब्ल्यू०डी० रोड से कुशाहन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 1.900 कि०मी०) | | | |
| | | जयनगर | 5 | कोडरमा कोवार आर०सी०डी० रोड से भुआलडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.200 कि०मी०) | | | |
| | | जयनगर | 6 | तिलोकरी मिरसिम्डिया बरगद से बीरोगाई भाया अलगडीहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.050 कि०मी०) | | | |
| | | जयनगर | 7 | पी०एम०जी०एस०वाई० पथ से गड़गी भाया बराकर नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.000 कि०मी०) | | | |
| | | जयनगर | 8 | करीयावां से घंघरी तक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.470 कि०मी०) | | | |
| | | चन्दवारा | 9 | गारोगरगी से जमघटी तक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.000 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–31.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 06.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–07.02.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची,एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची–834004, झारखण्ड।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..................
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR.NO.317281 Rural Work Department(23-24):D

## स्पीड न्यूज

### सेवानिवृत्त एसआई को दी गयी विदाई



**हरिहरगंज पलामू।** स्थानीय थाना में कार्यरत एस आई रामेश्वर तिवारी सेवानिवृत्त हो गये हैं। सोमवार को थाना परिसर में समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गयी। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने उनकी कर्तव्यशीलता की प्रशंसा करते हुए उन्हें जिम्मेवारी के प्रति सजग रहने वाला बताया। उन्होंने उनके सुखद भविष्य की कामना की। बाद में सेवानिवृत्त एसआई को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर एस आई अनुप कुमार, शिवशंकर उरांव, धुमा किस्कू, निरंजन सिंह, लालबहादुर हरिजन, रंजीत कुमार, प्रकाश कुमार, एएसआई संजय कुमार सिंह, मनोज रविदास, नंदलाल साहनी उपस्थित थे।

### सीओ ने हटवाया सड़क से अतिक्रमण



**सतबरवा।** अंचल सतबरवा के अधीन चेतमा गांव में उदित सिंह ने अपने निजी जमीन को बचाकर पीसीसी सड़क पर बांस की बल्ली लगाकर किये गये सड़क अतिक्रमण को सतबरवा सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की की उपस्थिति में मुक्त कर दिया गया। सीओ ने बताया कि किसी भी सरकारी जमीन को निजी बताकर अतिक्रमण करना गैरकानूनी है। अतिक्रमण करने के संबंध में चेतमा के ग्रामीणों ने लिखित आवेदन दिया था जिसे लेकर उदित सिंह को नोटिस भी किया गया था। मौके पर सीआई विकास मिंज, पूर्व मुखिया शंभू उरांव, पूर्व पंसस धीरज कुमार, सुमित सतबरवा थाना के एएसआई गामा सिंह व पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### नवचंडी यज्ञ की कलश यात्रा निकली



**हुसैनाबाद, पलामू।** प्रखंड क्षेत्र ग्राम नोनिया बिगहा में ग्राम देवी मां मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को युवा कमेटी द्वारा आयोजित मां दुर्गा नवचंडी यज्ञ के लिए जल भरी सह कलश यात्रा निकाली गयी। सोमवार को युवा कमेटी के सदस्यों और सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुषों ने गाजे बाजे के साथ मंदिर परिसर से कलश उठाकर विभिन्न गांवों को भ्रमण करते हुए झारखंड बिहार के बॉर्डर और गजना शक्ति पीठ नदी में पंहुचे, जहां आचार्य कृपयानाथ पाठक, उपाचार्य रजनीश पाठक, पुरोहित रामेश्वर पाठक, कथावाचक प्रभात कृष्ण शास्त्री जी महाराज विधिवत पूजा अर्चना व मंत्रोच्चरन के बाद जल उठाया और पुन: मंदिर में स्थापित कर यज्ञ पूजा का शुभारंभ किया। पथरा मुखिया नरेश पासवान ने यज्ञ को सफल बनाने में योगदान देने वालों को धन्यवाद दिया। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष शशिकांत कुमार, उपाध्यक्ष गोलू कुमार, सचिव धीरज पासवान, कोषाध्यक्ष अंगद पासवान समेत सैकड़ों युवा व ग्रामीण मौजूद थे।

### बेनिकला में अवैध क्लिनिक सील



**हुसैनाबाद, पलामू।** अनुमंडलीय चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ दीपक कुमार सिन्हा ने सोमवार प्रखंड क्षेत्र के बेनिकला में अवैध रूप से संचालित अफजल अंसारी के क्लिनिक को सील कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर दर्जनों से ज्यादा फर्जी क्लिनिक चला रहे हैं। ग्राम बेनी में डॉ अफजल अंसारी कई वर्षों से एक घर में क्लिनिक चला रहा था जिसमें जच्चा बच्चा और चीड़फाड़ भी होता था। जिसके विरुद्ध कुछ ग्रामीणों ने अनुमंडलीय प्रभारी उपाधीक्षक से जांच कर कार्रवाई की मांग की थी, जिसके बाद सोमवार को डॉ दीपक सिन्हा और दंडाधिकारी के रुप में अंचल राजस्व उप निरीक्षक एमडी अवसाफ खां, हुसैनाबाद थाना के एसआई धर्मेन्द्र कुमार सिंह दल बल के साथ क्लिनिक को सील कर दिये।

### बाबूलाल मरांडी से मिले अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से रांची स्थित आवासीय परिसर में मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई देते हुए आशीर्वाद मांगा। श्री मरांडी ने पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने के साथ समाज हित में समर्पित हो कर कार्य करने का सुझाव दिया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील सिन्हा, अभाविप के प्रकाश राय, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के आनंद कुमार भी थे।

### जदयू ने जुलूस निकाल जताया आभार



**मेदिनीनगर।** जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बनने एवं एनडीए गठबंधन में शामिल होने पर जुलूस निकाला गया। जनता दल यूनाइटेड के जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दिया। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एवं लड्डू खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दुबे ने की। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन देश हित में है। हम लोग झारखंड में भी मजबूती के साथ एक दूसरे से कंधा मिलाकर एनडीए की सरकार लायेंगे। बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, जिला महासचिव सुरेंद्र यादव, चिंटू मेहता, जिला उपाध्यक्ष अवध किशोर सिंह, लाल बाबू, राजेंद्र राय, मनोज मेहता, राजेंद्र कुमार रवि, सचिन मेहता, जयपाल यादव, राजपति प्रजापति, देवेंद्र प्रसाद, मेघनाथ मिस्त्री, मोती चंद्र राय, अभिषेक राय, श्रवण चौधरी, दिनेश राम इत्यादि लोग मौजूद थे।

# पलामू में जल्द सजेगा बाबा बागेश्वर धाम सरकार का दरबार

## झारखंड उच्च न्यायालय ने दी पलामू में बागेश्वर बाबा के कार्यक्रम की अनुमति

- दो लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था करने का निर्देश
- सभी सरकारी सुविधा इस कार्यक्रम को मुहैया होगी
- सीसीटीवी, एंबुलेंस और शौचालय की करें व्यवस्था
- अब पूरे झारखंड में बाबा के कार्यक्रम का रास्ता खुला
- अब जिला प्रशासन की बैठक और कार्यक्रम की स्वीकृति का इंतजार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड उच्च न्यायालय ने पलामू में बागेश्वर बाबा का कार्यक्रम कराने की अनुमति प्रदान कर दी है। इससे पलामू जिला में बागेश्वर बाबा के भक्तों के बीच खुशी का माहौल कायम है। वहीं आयोजन कर्ता कार्यक्रम कराने के लिए तैयारी में लग गये हैं। इस संबंध में हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय ने आज लाखों सनातनियों की आस्था को ध्यान में रखते हुए परम पूज्य श्री धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा को पलामू में आने की अनुमति सरकार के दलील को निरस्त करते हुए प्रदान कर दी है।





कमेटी के सदस्य एवं याचिकाकर्ता संस्था के सचिव दीनानाथ प्रसाद, मंटू शरदशरण, अतुल अखोरी, बागेश्वर धाम के सेवादार नितेश सिंह, कमलेश सिंह एवं अविनाश वर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का स्वागत किया। कहा कि लाखों लोगों की निगाहें इस कार्यक्रम पर लगी थी। दस फरवरी से प्रोग्राम होना है। इसके लिए हम सबके पास मात्र दस दिन का समय बचा है। जिला प्रशासन जितना जल्दी बैठक कर सुरक्षा एवं सरकारी सुविधा प्रदान करते हुए स्वीकृति देगी, तो हम कार्यक्रम की तैयारी उतना जल्द कर पायेंगे। नहीं तो विलंब होने से इतना बड़ा कार्यक्रम करना संभव नहीं हो पायेगा। फिर हम लोगों को दूसरा नजदीक का डेट लेना पड़ सकता है।

### जीत गयी लोगों की आस्था : अरुणा शंकर



प्रथम महापौर ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय ने हमारी समिति को निर्देशित किया है कि दो लाख लोगों को बैठने की व्यवस्था करे और सीसीटीवी, एंबुलेंस व शौचालय की व्यवस्था करेगी। वहीं माननीय उच्च न्यायालय ने जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि लॉ एंड ऑर्डर, ट्रैफिक व्यवस्था के साथ ही सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधा इस कार्यक्रम को मुहैया करायी जाये। प्रथम महापौर ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के इस आदेश से पूरे झारखंड में बाबा के कार्यक्रम का रास्ता खुल गया है। अब राम के हनुमान जल्द पलामू आयेंगे। लोगों की आस्था जीत गयी।

### पलामू पत्रकार परिषद ने अवार्ड 2024 से किया सम्मानित

# वरिष्ठ पत्रकार देवव्रत को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

- जब राजनीति लड़खड़ाती है तो साहित्य उसे संभालता है : अरूणा शंकर
- पत्रकारिता के रियल हीरो हैं देवव्रत जी : अविनाश देव
- राजनीति हो या सामाजिक सरोकार बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं पलामू के पत्रकार : अविनाश वर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता





**खास बातें :** सोमवार को परिसदन के सभाकक्ष में एक सादे समारोह में प्रथम महापौर अरुणा शंकर, माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव व वरिष्ठ भाजपा नेता अविनाश वर्मा ने पत्रकार देवव्रत को शॉल व मोमेंट को देकर सम्मानित किया। मौके पर परिषद ने 11 हजार रुपये की सम्मान राशि उन्हें चेक के माध्यम से भेंट की। इसके पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बुके देकर किया। मुख्य अतिथि नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने परिषद द्वारा शुरू किये गये इस कार्य की सराहना करते हुए देवव्रत जी को यह सम्मान देने पर खुशी जाहिर की। कहा कि पत्रकारिता के साथ समाज के हित में देवव्रत जी का कार्य एवं उनका योगदान अतुलनीय है। साथ ही उनके लाइफस्टाइल से सभी युवा पत्रकारों को भी सीख लेने की जरूरत है कि 96 की उम्र में भी वे खुद को इतना फिट बनाये रखे हैं।

**मेदिनीनगर।** पलामू पत्रकार परिषद की ओर से शुरू किये गये लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से इस वर्ष 2024 में वरिष्ठ पत्रकार देवव्रत जी को सम्मानित किया गया। परिषद ने अपनी स्थापना के बाद पलामू जिले में पत्रकारिता के साथ समाजहित में सराहनीय व अनुकरणीय कार्य करने वाले वरिष्ठ पत्रकारों के लिए इस परंपरा की शुरुआत की थी। जिसके तहत इसके पूर्व दिवगंत पत्रकार सुरेंद्र सिंह रूबी को परिषद ने लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था। इस साल यह सम्मान वरिष्ठ पत्रकार देवव्रत को दिया गया।

# पांकी के युवक का शव विधायक ने बंगलुरु से विमान से मंगवाया रांची

- ट्रेन से दुर्घटनाग्रस्त होकर पांकी के ग्राम हेडुम निवासी नंददेव यादव के 23 वर्षीय पुत्र अरुण यादव की मौत हो गयी थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बंगलौर में ट्रेन से दुर्घटनाग्रस्त होकर पांकी के ग्राम हेडुम निवासी नंददेव यादव के 23 वर्षीय पुत्र अरुण यादव की मौत हो गई थी। इस बात की जानकारी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता को मिला तो वे शव को हवाई मार्ग से फ्लाइट के द्वारा शव को रांची एयरपोर्ट तक लाया गया।

विधायक के निर्देशानुसार निजी सहायक सरोज कुमार चटर्जी ने सोमवार को एंबुलेंस की व्यवस्था कर के पार्थिव शरीर को रांची एयरपोर्ट से पैतृक निवास स्थान हेडुम तक पहुंचाया। इस दुखद घड़ी में स्वयं उपस्थित होकर विधायक के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर मृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिजनों को इस अत्यंत कठोर दुख को सहने का ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक जनता के सुख-दुख का ख्याल रखना मेरा कर्तव्य है। उसी के तहत यह काम किया हूं। श्री मेहता ने कहा कि पांकी की जनता के लिए मैं सदैव तत्पर हूं।




बंग्लोर से आये शव को पैतृक आवास के लिए भेजते पांकी विधायक।

# हुसैनाबाद के चार विद्यालय उच्च विद्यालय में उत्क्रमित

खबर मन्त्र संवाददाता

- सुदूरवर्ती इलाके के बच्चे भी माध्यमिक शिक्षा से नहीं होंगे वंचित : कमलेश



**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद के चार विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने से सुदूरवर्ती क्षेत्र के गरीब विद्यार्थियों को माध्यमिक शिक्षा घर के आस पास ही मिल जायेगी। यह बातें हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में 140 मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमण करने के प्रस्ताव की स्वीकृति झारखंड कैबिनेट से मिली है। पलामू जिले के 9 मध्य विद्यालयों का उत्क्रमण किया गया है। जिसमे 04 विद्यालय हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के शामिल है। जिन विद्यालयों को उत्क्रमित किया गया है, उसमे मवि डेहरी, मवि पथरा, मवि दंगवार व मध्य विद्यालय बिहरा शामिल है। उन्होंने बताया की पूर्व में भी सभी क्षेत्र के विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित कराया जा चुका है। इस माह चार और विद्यालयों के उत्क्रमित होने से संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र को लाभ मिल सकेगा।

# उपायुक्त ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतिम प्रकाशन के संबंध में सोमवार को उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक की गयी। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने एसएसआर 2024 में प्रपत्र 6 के माध्यम से जिले में जुड़े कुल मतदाताओं की संख्या, पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या के साथ ही प्रपत्र 7 के माध्यम से विलोपन व प्रपत्र 8 के तहत स्थानांतरण संशोधन आदि कार्यों से अवगत कराया। साथ ही बैठक में मौजूद सभी दलों के प्रतिनिधियों को पांच विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची की एक-एक प्रति हार्ड कॉपी भी उपलब्ध करवाया गया। इसके अलावे उपायुक्त ने बैठक में मौजूद सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से कहा कि अगर उन्हें लगता है कि इस सूची में किसी योग्य व्यक्ति का नाम छूट गया है तो वे अपने स्तर से भी उस व्यक्ति का नाम सूची में जुड़वाने का कार्य करें।

### टेलियाबांध में नूरी जामा मस्जिद के छत की ढलाई



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के पंचायत कौड़िया के ग्राम तेलिया बांध में नूरी जामा मस्जिद के छत की ढलाई की गयी। इस कार्यक्रम में कौड़िया पंचायत समेत अन्य गांव के मुस्लिम परिवारों ने मस्जिद ढलाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें मौलाना और मौलवी आये हुए थे। जहां पर जलसा और तकरीर किया गया। मुसलमान से अपील की जाती है कि मस्जिद में चंदा बढ़ चढ़कर दें। ताकि नूरी जामा मस्जिद का तेजी से तामीर हो सके। मौके पर अब्दुल अंसारी, हाजी सुलेमान, कलाम अंसारी, मोहम्मद अली अंसारी, जावेद अंसारी, कलाम अंसारी, ताहिर अंसारी, शाइद अंसारी, डब्लू अंसारी, टीपू अंसारी, हाफिज अंसारी गुलाम, रसूल अंसारी, जसीमुद्दीन अंसारी, इजराफुल अंसारी, रबूल अंसारी समेत काफी संख्या में मुस्लिम लोग शामिल थे।

### राजा मेदिनीराय न्यास बोर्ड के अध्यक्ष अर्जुन सिंह बने राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के अध्यक्ष



**मेदिनीनगर।** दुबियाखाड़ मेदनी चौक में आगामी 11 एवम 12 फरवरी को लगने वाला राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के सफल संचालन के लिए अवधेश सिंह चेरो की अध्यक्षता में बैठक हुई। वहीं बैठक का संचालन समाज सेवी भरदुल सिंह ने किया। इसमें लातेहार, पलामू एवं गढ़वा जिला के चेरो समाज के अलावे कई सामाजिक प्रतिनिधि भाग लिये। बैठक में पूर्व मेला समिति को भंग किया गया और तीन वर्ष के लिए नयी समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजा मेदिनीराय न्यास बोर्ड के अध्यक्ष अर्जुन सिंह को पुन: मेला समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं सचिव ह्रदया सिंह, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह को चुना गया। साथ ही पलामू, लातेहार, गढ़वा के प्रत्येक प्रखंड से कोर कमेटी सदस्य चुना गया। निर्णय लिया गया कि अगली बैठक में मेला समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह की अध्यक्षता में समिति का विस्तार होगा। धन्यवाद ज्ञापन कौड़िया मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र सिंह ने किया एवं सभा समाप्ति की घोषणा सुआ मुखिया प्रतिनिधि उपाध्याय सिंह ने किया। बैठक में जिप सदस्य बासो देवी, पोलपोल मुखिया पुष्पा देवी, सुआ मुखिया दुलारी देवी, कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह आदि भी थे।

### सीओ-बीडीओ ने प्रखंड कार्यालय से किया जागरूकता रथ को रवाना

>> हुसैनाबाद के 22 पंचायतो में मतदान के लिए वोटरों को किया जायेगा जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद, पलामू।** एसडीओ आशीष गंगवार के निर्देश पर ईवीएम व वीवीपैट का प्रदर्शन कर मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर मतदाता जागरुकता रथ को रवाना किया गया। जिसे बीडीओ रौशन कुमार व सीओ धनंजय कुमार गुप्ता ने सोमवार को रथ रवाना किया। यह रथ हुसैनाबाद प्रखंड के 22 पंचायतों में भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक करेगी। जागरुकता रथ के समीप आने वाले सभी मतदाता को मतदान की जानकारी दी जा रही है। साथ ही जागरूकता रथ के पास उपलब्ध रजिस्टर में हस्ताक्षर करने व मोबाइल नंबर अंकित किया जा रहा है। इवीएम प्रदर्शन के दौरान बताया गया कि वीवी पैट मशीन सभी मतदाताओं को 6 सेकंड के लिए एक मुद्रित पर्ची देखने की अनुमति देती है।

### एफएलएन के तीसरे बैच को मिला प्रशिक्षण

**सतबरवा।** प्रखंड संसाधन केंद्र सतबरवा में सोमवार को एफ एल एन का प्रशिक्षण तीसरा बैच का तिसरे दिन दिया गया। मास्टर प्रशिक्षक अनुज ठाकुर द्वारा मूलभूत साक्षरता के अंतर्गत भाषा विकास एवं साक्षरता के मुख्य कौशल के बारे में विस्तार से बताया गया। चर्चा के क्रम में एफ एल एन टूल किट जैसे शिक्षक हस्त पुस्तिका, छात्र कार्यपुस्तिका, विद्या प्रवेश के लिए नूपुर पुस्तक का उपयोग करने पर जोर दिया गया ताकि बच्चे आसानी से मूलभूत साक्षरता को प्राप्त कर सके।

### तैलिक साहू समाज ने पाटन में किया मिलन सह वनभोज

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन।** तैलिक साहू समाज के तत्वाधान में मिलन समारोह सह वन भोज कार्यक्रम का आयोजन ग्राम नवादा जंगहासी में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू जिला सचिव अजय साहू, जिला अध्यक्ष ललन साहू उपस्थित थे। रामदास साहू ने कहा कि समाज के विकाश के लिए सबको संगठित होने की जरूरत है। आज जो बैठक की जा रही है इसका मुख्य उद्देश्य है कि हमारा समाज सामाजिक और राजनीतिक रूप में उतना विकसित नहीं है। बगैर सामाजिक विकास के संपूर्ण विकास संभव नहीं है। समाज में छोटी बड़ी बातों को लेकर झगड़ा हो जाया करते हैं। जो पूरे तरीके से जायज नहीं है।

# जनसंख्या के हिसाब से ओबीसी को हर क्षेत्र में मिले समुचित भागीदारी : ब्रह्मदेव प्रसाद

- ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच का जागरूकता अभियान रथ यात्रा सोमवार को बिश्रामपुर से शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



यात्रा के दौरान सभा को संबोधित करते ब्रह्मदेव प्रसाद।

**विश्रामपुर (पलामू)।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच का जागरूकता अभियान रथ यात्रा विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित पंचमुखी मंदिर प्रांगण से सोमवार को शुरू हुई। मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने रथ यात्रा की शुरुआत की। यह रथ पूरे नप क्षेत्र में घूमा। इस दौरान ओबीसी वर्ग के लोगों को 11 फरवरी को मेदिनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में आयोजित महासम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। इस क्रम में बिश्रामपुर, पचघारा, नावाडीह, बघमनवा, उड़सुला, झगड़ुवा, डिहरीया, पांडेपुर, गोदरमा, दड़ीला, रेहला, बी मोड़ व बरवाडीह में नुक्कड़ सभा भी की गयी। सभा में मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि आबादी के अनुसार ओबीसी समाज को हर क्षेत्र में समुचित भागीदारी मिलनी चाहिए।

जनसंख्या के हिसाब से सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में 52% आरक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने झारखंड में भी जाति आधारित जनगणना कराने की मांग करते हुए कहा कि ओबीसी का सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक रिपोर्ट जारी किया जाये। इसके लिए पिछड़ा आयोग का पूर्ण गठन करते हुए उसे सशक्त और सक्रिय किया जाये। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग वित्त निगम की स्थापना कर बेरोजगार युवकों, छात्रों को ब्याज मुक्त स्वरोजगार व शिक्षा हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाये। राज नारायण पटेल ने कहा कि ओबीसी समाज को राजनैतिक हिस्सेदारी लेने के लिए जागरूक होना होगा। एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। युगल किशोर पाल ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के ऊपर जो अन्याय हुआ है उसका त्वरित न्याय दिलाने हेतु फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापना की जाये।

# समता स्कूल में शान से लहरा तिरंगा

### स्कूली बच्चों ने निकाली झांकियां, लोगों में दिखा 75वें गणतंत्र दिवस की उत्साह

खबर मन्त्र संवाददाता



झंडोत्तोलन के बाद झंडे को सलामी देते लोग।

**हुसैनाबाद, पलामू।** शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में 75वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य सह निर्देशक अक्षय कुमार चौहान ने झंडातोलन किया। उसके बाद विद्यालय के विद्यार्थियों ने देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों की याद में झांकी निकाली और परेड किया। इसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कियो। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकगण, अभिभावकगण एवं सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सह निर्देशक अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को भले ही देश आजाद हो गया था लेकिन हमारे पास अपना संविधान नहीं था। आजादी के 3 साल बाद हमें अपना संविधान मिला। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू किया गया था और संविधान लागू होने के बाद हमारा देश भारत एक गणतंत्र देश बन गया। आज इसी ऐतिहासिक शुभ दिन की 75 वी सालगिरह है। इस शुभ घड़ी पर मैं आप सभी भारतवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं। हमारे विद्यालय के अध्यक्ष विनोद चौधरी ने कहा कि जब हमारा देश आजाद हुआ था तब हमारा देश भयंकर गरीबी व निरक्षरता के कुचक्र में फंसा हुआ था। लेकिन 7 दशकों की मेहनत के बाद आज हमारा देश चांद पर पहुंच चुका है।

स्पीड न्यूज

## कुशवाहा समाज का वार्षिक वनभोज संपन्न

**जमशेदपुर।** कुशवाहा संघ, जमशेदपुर का मिलन समारोह-सह-वनभोज का आयोजन बिरसा मुंडा टाउन हॉल, सिदगोरा के मैदान में गत रविवार को किया गया। इसमें बिहार, बंगाल, झाड़खंड एवं उड़ीसा के लगभग 6000 लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजयी बच्चों के अलावा किसी भी क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले मेधावी बच्चों को संस्था के श्रेष्ठ व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया।

## लोयला स्कूल में सर्वधर्म प्रार्थना आज शाम

**जमशेदपुर।** शांति और सद्भाव जीवन की अनिवार्य शर्तें हैं और समाज में विकास और समृद्धि स्थापना के लिए हम सिर्फ शांति का ही मार्ग अपनाते हैं। ह्यूमन इकोलॉजी सोसाइटी ऑफ जमशेदपुर, जो शांति और सद्भाव के संदेश को फैलाने के उद्देश्य से कार्यरत है आगामी 30 जनवरी को राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 'विश्व शांति के लिए सर्व धर्म प्रार्थना सभा' का आयोजन कर रही है। यह प्रार्थना सभा आगामी 30 जनवरी, 2024, मंगलवार को शाम 5 :30 बजे से बिस्तुपुर स्थित लोयला स्कूल प्रार्थना हॉल में आयोजित की जा रही है।

## बिरसानगर थाना ने चोरी गए शत प्रतिशत सामानों को बरामद किया

**जमशेदपुर।** रविवार को सहायक पुलिस अधीक्षक नगर के द्वारा बिरसानगर थाना में एक प्रेस वार्ता की गई। इसमें बिरसानगर थाना की टीम के द्वारा चोरी के एक कांड में 24 घंटे के अंदर सौ फीसदी बरामदगी के बारे में ब्रीफ किया गया। टीम के द्वारा सोने का एक हार सेट, कान का दो झुमका, कान का 6 टॉप, सोने का 6 चैन , सोने का कंगन एक जोड़ा, सोने का मांग टीका, सोने का मंगलसूत्र, चांदी का कमरबंद, चांदी का पायल, चांदी का कंगन, चांदी का ब्रेसलेट इत्यादि की बरामदगी की गई।

## बाघ देखे जाने की खबरों के बीच वन विभाग की टीम पहुंची जंगल

**गम्हरिया।** प्रखंड के डुमरा और हुदू पंचायत के गिद्दीबेड़ा और भालुक पहाड़ी के जंगल मे विगत कई दिनों से बाघ आने की आशंका से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। बीते सप्ताह गिद्दीबेड़ा जंगल मे एक पशु को मृत अवस्था में पाया गया जिसके गले में किसी जंगली जानवर के हमले का निशान पाया गया था। इधर, पुनः एक गाय के मृत शरीर पर खरोच के निशान मिले हैं जिसको लेकर ग्रामीण काफी भयभीत हैं। ग्रामीणों में इस जंगल मे बाघ आने की आशंका है। इस आशंका के बीच इतना दहशत है कि उस ओर आमडीह मैदान में जिला पुलिस की तैयारी करने हेतु दौड़ने की प्रैक्टिस करने वाले युवक और युवतियों ने अब सुबह में निकलना बंद कर दिया है।

# झामुमो ने ईडी के खिलाफ दो घंटे तक एनएच-33 जाम रखा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा ईडी के जरिए दबाव बनाने एवं परेशान करने की नीति के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने आज शाम एनएच-33 पर जगह-जगह जाम किया। इससे एनएच पर भारी वाहनों की लंबी कतार लग गई। झामुमो कार्यकर्ताओं ने अपरान्ह 3 बजे से शाम पांच बजे तक डिमना चौक, घाटशिला आदि जगहों पर एनएच जाम किया। इससे एनएच-33 पर भारी वाणिज्यिक वाहनों, दूर से आने वाली बसों, कारों आदि की लंबी कतार लग गई। शाम पांच बजे कार्यकर्ताओं के एनएच-33 से हटने के बाद ही वाहनों की आवाजाही शुरु हो पायी। मानगो डिमना चौक पर एनएच-33 जाम करने वालों का नेतृत्व झामुमो क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव, झामुमो के वरिष्ठ नेता प्रमोद लाल, सुनील महतो, बाबर खान, शेख बदरुदीन, गोपाल महतो आदि नेता कर रहे थे। जाम के दौरान झामुमो कार्यकर्ता और नेता एनएच पर ही बैठ गए। वे अपने हाथों में केंद्र सरकार के इशारे पर इडी की कार्रवाई बंद करो, आदिवासी मुख्यमंत्री को प्रताड़ित करना बंद करो और गृह मंत्री अमित शाह हाय-हाय नारे लिखे तख्तियां लिए बैठे थे।


डिमना में एनएच-33 जाम करते झामुमो नेता मनोज यादव, प्रमोद लाल, सुनील महतो मीता, शेख बदरुद्दीन व अन्य कार्यकर्तागण।

## एसएसपी ने 351 मोबाइल को असली मालिकों तक पहुंचाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं सहायक पुलिस अधीक्षक नगर की उपस्थिति में आज साकची थाना परिसर में शिविर लगाकर गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाने की कड़ी में 351 मोबाइल फोन को सौंपा गया। अभी तक कुल 1788 खोये हुए मोबाइल फोन को उनके वास्तविक मालिकों को लौटाया गया है।

## सोना देवी यूनिवर्सिटी के सौजन्य से 32 रोगियों का हुआ नेत्र ऑपरेशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्व. सोना देवी की स्मृति में सोना देवी मेमोरियल एजुकेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट एवं उसके अन्तर्गत संचालित सोना देवी यूनिवर्सिटी के सीएसआर कार्यक्रम के तहत रेड क्रॉस सोसाईटी, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में आयोजित तीन दिवसीय 708वें नेत्र शिविर का समापन आज 32 नेत्र रोगियों के विदाई के साथ सम्पन्न हो गया। इससे पूर्व जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम ने नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच किया, जिसके पश्चात सोना देवी मेमोरियल एजुकेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट के चेयरमैन प्रभाकर सिंह, सोना देवी युनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डॉ. जे. पी. मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता राकेश मिश्र ने चश्मा पहनाया एवं दवा प्रदान किया।

## कुणाल षाडंगी को अमेरिका में मिला अंतराष्ट्रीय यूथ आईकॉन अवार्ड

### फेडरेशन ऑफ इंडियन्स एसोसिएशन ने शिकागो में किया सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्व विधायक और झारखंड भाजपा के तेजतर्रार प्रवक्ता कुणाल षाडंगी 28 जनवरी को अमेरिका के शिकागो में अंतराष्ट्रीय यूथ आईकॉन अवार्ड से सम्मानित हुए। फेडरेशन ऑफ इंडियन्स एसोशिएशन की शिकागो ईकाई ने इसकी पुष्टि करते हुए कुणाल षाडंगी को ईमेल भेजकर शिकागो आमंत्रित किया था। गणतंत्र दिवस महोत्सव समारोह के दौरान सोमवार को कुणाल सम्मानित हुए। एफआईए ने कुणाल षाडंगी को उनके द्वारा झारखंडी युवाओं को अपने विशेष मुहिम के मार्फत शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण की दिशा में उल्लेखनीय और अनुकर्णीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया। शिकागो के मैट्रिक्स क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में भारतीय दूतावास में भारत के राजदूत कंसोलेट जेनरल सोमनाथ घोष ने यह सम्मान उन्हें प्रदान किया। मौके पर फेडरेशन ऑफ



इंडियन ऐसोसिएशन 2024 के चेयरमैन सुनील शाह, अध्यक्ष प्रतिभा जयरथ एवं विनीता गुलाबनी सहित अन्य मौजूद रहें। समारोह में शिकागो शहर में रहने वाले सैकड़ों प्रबुद्ध भारतीय उपस्थित थें। सम्मान समारोह को संबोधित करने के क्रम में कुणाल षाडंगी ने कहा कि यह सम्मान जमशेदपुर की जनता और झारखंड वासियों को समर्पित है। कोविड काल में उनकी सेवा करने की जो प्रेरणा मिली और आज उस अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो पहचान एफआईए द्वारा दी गई है, उसके लिए उन्होंने ईश्वर का धन्यवाद किया और उन सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया जिन्होंने कोविड काल में सेवा कार्य करने में मुझे मदद किया। कुणाल ने कहा कि आज भारत और विदेशों में रहने वाले सैकड़ों भारतियों ने पूरे विश्व के सामने अपनी प्रतिभा का परचम को लहराया है। अमेरिका में रहने वाले चालीस लाख से ज्यादा भारतियों ने सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक व्यवस्था पर व्यापक प्रभाव बनाया है। और भारत अमेरिका संबंधों का यह सर्वाधिक बेहतरीन दौर है। जब अमेरिका में किसी भारतीय समाजसेवक द्वारा किये गये कार्यों को प्रोत्साहन और पहचान मिली है। कुणाल षाडंगी ने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि आने वाले समय में युवाओं की सहभागिता अमेरिका की राजनीति में भी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका भारत देश, धीरे धीरे विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।

## राज्य को अस्थिर होने से बचाएं, विरोधियों का करें डटकर मुकाबला : चंपई

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**गम्हरिया।** राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि विरोधियों का मुकाबला डटकर करते हुए झारखंड को अस्थिर होने से बचाएं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी से लेकर केंद्र की जांच एजेंसियों का भय दिखाकर केंद्र की भाजपा सरकार राज्य को अस्थिर करना चाहती है। हमें ऐसे मौके पर अपनी शहीदों की इस भूमि को बचाने के लिए एकजुट होना होगा। गम्हरिया के शहरबेड़ा स्थित स्वर्णरेखा एवं खरकई नदी के संगम तट दोमुहानी में झामुमो कार्यकर्ता मिलन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने उपरोक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि अपने हक एवं अधिकार के लिए आदिवासी-मूलवासी एकजुट होकर एकता का परिचय दें। कहा कि हमारे पूर्वजों ने जेल यात्राएं एवं शहीद होकर



अलग राज्य हासिल किया है। राज्य के विकास में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी।

यह राज्य हम सभी को संघर्ष और बलिदान से मिला है, लिहाजा विकास करने से कोई रोक नहीं सकता। मंत्री ने कहा कि झामुमो सदैव विरोधियों के निशाने पर रही है। भाजपा 20 वर्षों तक राज किया, किंतु कभी राज्य का विकास नहीं किया। हमें चार वर्षों का मौका मिला, जिसमे दो वर्ष तो कोरोना में ही कट गया। कहा कि भाजपा ने यहां के लोगों को शिक्षा से वंचित रखने का प्रयास किया। जबकि हमारी सरकार का प्रयास राज्य का चहुंमुखी विकास है। इसके तहत सबसे पहले शिक्षा की जड़े मजबूत हो, इसके लिए राज्य में गुणवत्तायुक्त पठन-पाठन विद्यालयों को खोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक राज्य में शिक्षा की बुनियाद मजबूत नहीं होगी, यहां के लोग पढ़ लिख कर डॉक्टर, इंजीनियर और अफसर नहीं बनेंगे, तब तक भाजपा से शोषित पीड़ित होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि 75 प्रतिशत नियोजन में आरक्षण एवं 50 वर्ष के लोगों को पेंशन देने का निर्णय हेमंत सोरेन सरकार का सबसे उत्कृष्ट कार्य रहा है। इस मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष छायाकांत गोराई ने कहा कि कार्यकताओं के बदौलत ही संगठन में मजबूती आती है। संगठन हमारा घर है। विरोधी दलों के झांसे में आकर कार्यकर्ता कभी कभी अपने घर में बगावत का बिगुल फूंक देते हैं। इससे सभी को बचना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने गैर भाजपाई राज्य को अस्थिर करने का कुचक्र रच रही है। इसका हम सभी को डटकर मुकाबला करना होगा। कार्यक्रम को रंजीत प्रधान, पितवास प्रधान, गुरुचरण मुखी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष दीपक मंडल ने किया। इस मौके पर मंत्री के आप्त सचिव चंचल गोस्वामी, बीटी दास, निरंजन महतो, परमेश्वर प्रधान, दीपक नायक, गोरा बर्मन, संजय दास, रश्मि मुर्मू, पिंकी मंडल, बिट्टू बास्के, सुभाष करुवा, ममता बेज समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 19 फरवरी की ट्रेन अपने तय समयानुसार रहेगी यथावत

**जमशेदपुर।** अयोध्या धाम में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्री रामलला के दर्शन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 29 जनवरी को टाटानगर रेलवे स्टेशन से उत्तर प्रदेश दर्शननगर स्टेशन जाने वाली आस्था स्पेशल ट्रेन को आई आर सी टी सी और रेलवे बोर्ड के द्वारा रिशेड्यूल किया जाएगा। जिसकी सूचना रेलवे बोर्ड द्वारा जल्द दी जाएगी। रेलवे बोर्ड और आई आर सी टी सी की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अत्यधिक ठंड और घने कोहरे के कारण 29 जनवरी (सोमवार) के प्रस्तावित आस्था स्पेशल ट्रेन को रिशेड्यूल किया जाएगा। वहीं, 19 फरवरी को श्रद्धालुओं को दर्शन हेतु लेकर जाने वाली आस्था स्पेशल ट्रेन अपने तय समयानुसार चलेगी। भाजपा जमशेदपुर महानगर ने श्रद्धालुओं को हुई असुविधा को अनुभव करते हुए इसके लिए खेद व्यक्त किया है।

## कुड़मी समुदाय ने जारी किया 13 महीने में 13 पर्व वाला कैलेंडर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गत रविवार को कुड़मालि कै लेंडर का विमोचन सेन्ट्रल गुरुद्वारा प्रबंधन कमिटी कार्यालय हॉल में किया गया। कैलेंडर बनाने वाले सरियान काडुआर ने बताया कि हमलोगों का यह केलैंडर चाँद पर आधारित है। इसलिए हमलोग ने चाँद को केंद्रित करके ही इसे बनाया है, जिस तरह चाँद अपना अपरिक्रमा 14 दिनों में पूरा करता है हमलोगों ने उसे ही आधार कर महीने को दो भागों में बांटा है। अन्य कै लेंडर में महीने को 4 भाग में बांटा है। हमलोगों का एक महीना 28 दिनों का होता है। साल का शुभारम्भ जनवरी के 15 तारीख यानि आखाईन यात्रा के दिन किया गया। मदुआमाडा महीने यानि कुड़मालि कैलेंडर का दूसरा महीना शादी का महीना है। दूसरा महीना 12 फरवरी से 10 मार्च तक का होता है। दीपक रंजीत ने बताया कि बिना मदुआमाडा के हमलोगों का शादी नहीं होता है। 12 महीने में 13 पर्व नहीं 13 महीने में 13 परब 13 देवा भूता (देवी देवता) होता है। इससे पहले हमलोगों का जो भी कैलेंडर है सब बांग्ला पंजिका के अनुसार गणना करता है। कुछ अंग्रेजी का कॉपी करता है लेकिन यह हमलोगों का प्रकृति केंद्रित कै लेंडर है।

## ब्रम्हर्षि समाज का दो दिवसीय सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम 25 अप्रैल से


## गुगल फॉर्म लिंक का स्वामी हरेरामाचार्य जी महाराज ने किया लोकार्पण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार देशभर में एक ही तिथि पर सम्पन्न कराने हेतू गूगल फॉर्म लिंक का लोकार्पण परम श्रद्धेय श्री स्वामी हरेरामाचार्य जी महाराज लक्ष्मीनारायण मंदिर हूलासगंज जहानाबाद बिहार के कर कमलों द्वारा किया गया।

इसी सिलसिले में गत रविवार को भूमिहार ब्राह्मण विवाह बंधन, बातें अपनी समूह की ओर से टेलीग्राम पर वर्चुअल बैठक हुई जिसमें कई राज्यों से भूमिहार ब्राह्मण परिवार के लोग जुड़कर 25 अप्रैल 2024 को दिन में मंडपाछाजन, हल्दी कलश, मटकोर, श्री सत्यनारायण स्वामी ब्रत कथा सांध्यबेला में संस्कार पर प्रवचन, आरती प्रसाद वितरण, भतखई।

दूसरा दिन 26 अप्रैल 2024 को सुबह 08 बजे से बिहार के लक्ष्मीनारायण मंदिर हूलासगंज जहानाबाद से पधारे आचार्य के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुंडन संस्कार, यज्ञोपवीत संस्कार धारण सांध्य बेला में संस्कार पर प्रवचन, सम्मान समारोह के साथ रात्रि भोज का आयोजन करने का संकल्प लिया गया।


स्वामी हरेरामाचार्य जी महाराज।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी हरेरामाचार्य जी महाराज लक्ष्मी नारायण मंदिर हुलासगंज, जहानाबाद ने करते हुए कहा कि भगवान लक्ष्मीनारायण की कृपा से सभी लोग सचेष्ट होकर संलग्न होकर देशभर में इस आयोजन को मुर्त रुप देने के लिए कटिबद्ध हो जाएं यही भगवान से निवेदन है। हमारा समाज पूर्व से विकसित था ,है पूर्णतया विकसित होने के मार्ग पर है,जो लोग भी संस्कार से रहित हैं उन्हें संस्कारित करने का प्रयास हो रहा है। बड़ी अच्छी बात है जो इस बिषय को नहीं समझ पाए हैं उन्हें भी इस बिषय को समझाना है और इस मंच से जोड़ना है।


जमशेदपुर में वर्ष 2023 में सामूहिक उपयन संस्कार के बरुआ।


स्वामी हरेरामाचार्य जी महाराज ने कहा कि अपने अंदर उदार चेतना जागृत करें । भगवान नारायण के नाभी से कमल निकला और कमल से ब्रह्मा जी के उत्पन्न होने के साथ-साथ ब्रह्मा जी अपने शरीर में यज्ञोपवीत धारण किए हुए हैं, ब्रह्मा जी का यज्ञोपवीत संस्कार किसी ने किया नहीं । सहजम सहजातं सहजम यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापते रियर सहजम पुरेतम भगवान श्रीमन्नारायण की प्रेरणा से ब्रह्मा जी के गले में यज्ञोपवीत देखा गया अर्थात ये चारों वेद के ज्ञाता हैं। पूरब में ऋग वेद दक्षिण में यजुर्वेद पश्चिम में शामवेद उत्तर में अथर्ववेद चारों वेद ब्रह्मा जी के साथ साकार रुप से शरीर धारण करके रहते हैं । जीतने संस्कार हैं सभी का महत्व है लेकिन विशेषकर संन्यासी, व्यापारी,शिक्षक, चिकित्सक सभी के लिए संस्कार आवश्यक है विवाह करें ना करें अलग बात है परंतु यह संस्कार अनिवार्य और पूर्ण है।

एक नजर में

## पूर्व बीएसएफ जवान सह एक्टिविस्ट पर पोटका में जानलेवा हमला

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** पोटका थाना अंतर्गत चांदपुर ग्राम निवासी बीएसएफ के पूर्व जवान सह सामाजिक कार्यकर्ता जयपाल सिंह सरदार पर गत 22 जनवरी को सरमंदा गांव में सुजीत कुमार मंडल,सोमेन मंडल, मनजीत मंडल, बादल दास समेत 12 लोगों ने जानलेवा हमला किया। जयपाल सिंह सरदार ने इस मामले की लिखित शिकायत पोटका थाने में की है। सन्हा में कहा गया है कि उक्त आरोपियों ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए बुरी तरह मारपीट की, थैले में रखे जरुरी कागजात एवं 6000 रुपये नकद छीन लिए बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद मगलू सरदार, भगीरथ सरदार,कवि सरदार, हरेन सरदार एवं अन्य दबंगों ने भी आकर मारपीट की। बाद में सरमन्दा गांव के ही पीताम्बर सरदार और श्यामल सरदार ने घायल जयपाल सिंह को सदर अस्पताल,जमशेदपुर पहुंचाया और उनका इलाज करवाया। जयपाल सिंह ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।


पीड़ित जयपाल सिंह सरदार।

## मिथिला सांस्कृतिक परिषद ने गोविंदपुर में बांटे कंबल



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद, जमशेदपुर के द्वारा विद्यापति विद्यालय, गोविंदपुर में कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों को संस्था के द्वारा कम्बल उपलब्ध कराया गया। विगत कुछ समय से शहर में कड़ाके की ठंड पड रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए परिषद द्वारा अलग अलग जगहों पर कम्बल वितरण का आयोजन रखा गया है। संस्था के द्वारा कम्बल वितरण का कार्यक्रम सहयोगकर्ता मोहन ठाकुर (मानगो) अमर कुमार झा (सोनारी) रंजीत झा (बागबेड़ा) नरेन्द्र कुमार गुप्ता के सहयोग से सम्भव हो सका है। परिषद अपने सहयोगकर्ता को इस पुनीत सामाजिक कार्य में सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता है।

## एमजीएम अस्पताल के एचओडी डा डीके सिन्हा का निधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** एमजीएम अस्पताल में सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डा डीके सिन्हा का बीते दिनों 25 जनवरी को इलाज के क्रम में निधन हो गया। वे कई दिनों से बीमार थे और इसेंटिव केयर यूनिट में उनका इलाज चल रहा था। श्री सिन्हा की धर्मपत्नी डा सुजाता सहाय भी चिकित्सक हैं। डा सिन्हा एक बेहद शांत, शालीन और समर्पित चिकित्सक थे। आइएमए के डा सौरव चौधरी ने डा सिन्हा के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है,और कहा है कि यह चिकित्सा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।


डा डीके सिन्हा।

## सत्यम संजीवन ट्रस्ट ने बिटिया की शादी में की मदद



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** गत बुधवार को बर्मा माइंस दास बस्ती में सत्यम संजीवन ट्रस्ट के द्वारा एक गरीब बच्ची को शादी में उसे राशन कपड़े बर्तन देकर सहयोग किया गया। बच्ची के माता-पिता और बर्मा माइंस दास बस्ती के लोगों ने सत्यम संजीवन ट्रस्ट की अध्यक्ष कंचन सिंह को बहुत-बहुत धन्यवाद के साथ में दुआएं भी दी।


## आरकेएफ कामगार संघ का पारिवारिक मिलन सह वनभोज संपन्न



**गम्हरिया।** रामकृष्णा फोर्जिंग्स कामगार संघ की ओर से गम्हरिया के शहरबेड़ा स्थित दोमुहानी तट पर वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर यूनियन की संगठन मजबूती समेत अन्य गतिविधियों पर चर्चा की गई। समारोह की अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष अभय कुमार लाभ ने किया। इस मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से सभी कर्मचारियों व उनके परिवारों को एक दूसरे से मिलने का मौका मिलता है। साथ ही, नए सदस्यों का परिचय भी होता है। समारोह को उपाध्यक्ष दिनेश राम, महासचिव तारकेश्वर यादव, संगठन सचिव जीपी दास, सह सचिव विपुल गोलदार आदि ने भी संबोधित किया।

# हज के लिए निकला लकी ड्रा, बिना मेहरम महिलाओं में केरल सबसे आगे

एजेंसी



- महाराष्ट्र और गुजरात के लोग भी जाने में आगे
- 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 1306 आवेदन महाराष्ट्र से मिले
- झारखंड के 56 आवेदनों की दी गयी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** हज कमेटी ऑफ इंडिया के माध्यम से जाने वाले हज यात्रियों के लिए राजधानी दिल्ली स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय भवन में कम्प्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से सोमवार को हज यात्रियों का चयन किया गया।

हज यात्रा के लिए 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 6370 और 5162 बिना मेहरम महिलाओं का बिना लॉटरी के जरिये चयन हुआ। दोनों श्रेणियों में पिछले वर्षों की तुलना में बहुत अधिक आवेदन मिलने पर सभी को बिना लाटरी के हज यात्रा पर भेजने का फैसला लिया गया है। हज कमेटी ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लियाकत अली अफाकी ने बताया कि बिना मेहरम हज पर जाने की इच्छुक महिलाओं के सबसे अधिक 3584 आवेदन केरल से मिले, जबकि तमिलनाडु से 378, कर्नाटक से 249, महाराष्ट्र से 166, उत्तर प्रदेश से 141, तेलंगाना से 130, जम्मू-कश्मीर से 82, मध्य प्रदेश से 72, गुजरात से 64, दिल्ली से 50, आंध्र प्रदेश से 44, पश्चिम बंगाल से 40, राजस्थान से 33, बिहार से 30, असम से 29, पुडुचेरी से 19, छत्तीसगढ़ से 14, उत्तराखंड से 10, झारखंड से 9, गोवा और ओडिशा से 5-5, लद्दाख से 3, लक्षद्वीप से 2, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब से एक आवेदन मिला है। उन्होंने बताया कि 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 1306 आवेदन महाराष्ट्र से प्राप्त हुए हैं, जबकि केरल से 1250, उत्तर प्रदेश से 586, जम्मू-कश्मीर से 530, कर्नाटक से 514, तेलंगाना से 376, गुजरात से 292, हरियाणा से 274, तमिलनाडु से 214, मध्य प्रदेश से 204, राजस्थान से 190, बिहार से 136, असम से 104, दिल्ली से 80, पश्चिम बंगाल से 84, झारखंड से 56, उत्तराखंड से 44, आंध्र प्रदेश से 42, छत्तीसगढ़ से 34, मणिपुर से 32, उड़ीसा से 12, लद्दाख से 4, पुडुचेरी, लक्षद्वीप और अंडोमान एंड निकोबार से 2-2 आवेदन मिले हैं। उन्होंने बताया कि जिन राज्यों से 500 से कम आवेदन प्राप्त हुए थे, उन सभी आवेदनों को मंजूरी दे दी गई है। छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, मणिपुर और उत्तराखंड में हज यात्रियों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया, जिसकी सूची हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, जम्मू एंड कश्मीर, झारखंड, ओडिशा, बिहार, असम और आंध्र प्रदेश के सभी आवेदनों को बिना लॉटरी के मंजूरी दे दी गयी है, क्योंकि इन राज्यों में तय कोटा के भीतर ही आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। इस वर्ष 466 खादिमुल हुज्जाज को हज यात्रियों की मदद के लिए मक्का और मदीना मे नियुक्त किया जाएगा।

इस अवसर पर सीपीएस बख्शी, संयुक्त सचिव (हज), लियाकत अली अफाकी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हज कमेटी ऑफ इंडिया, अंकुर यादव, उप सचिव (हज), आदित्य सिंह, अवर सचिव (हज), मोहम्मद नदीम, संयुक्त सचिव (हज) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## केंद्र ने पांच साल और बढ़ाया सिमी पर प्रतिबंध

**नयी दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर लगे प्रतिबंध को पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय का कहना है कि सिमी को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत अगले पांच वर्षों के लिए अवैध घोषित किया गया है। सिमी भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता को खतरे में डालकर आतंकवाद को बढ़ावा देने, शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने में संलिप्त रहा है। उल्लेखनीय है कि सिमी पर पिछला प्रतिबंध 31 जनवरी वर्ष 2019 को लगाया गया था। सिमी और उसके सदस्यों के खिलाफ विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) 1967 सहित कानून की विभिन्न धाराओं के तहत कई आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

## इंस्ताबुल में चर्च पर हमला, एक की मौत

**इंस्ताबुल।** तुर्किये के इंस्ताबुल में रविवार पूर्वाह्न 11.40 बजे एक प्रमुख चर्च पर हुए हमले में एक व्यक्ति की जान चली गई। यह इतालवी चर्च है। देश के राष्ट्रपति एर्दोगन ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। डेली सबाह के अनुसार, इस्तांबुल के मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय ने हमले के संबंध में जांच शुरू कर दी है। जांच का जिम्मा एक उप मुख्य अभियोजक और दो सरकारी अभियोजकों को सौंपा गया है। आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने कहा है कि सांता मारिया चर्च में प्रार्थना के दौरान दो बंदूकधारी नकाबपोश ने गोलीबारी की। देश के उपराष्ट्रपति सेवडेट यिलमाज, न्याय मंत्री यिलमाज टुन्के और जस्टिस ऐंड डेवलपमेंट पार्टी प्रवक्ता ओमर सेलिक सहित अन्य ने चर्च पर हमले की निंदा की है।

# किशनगंज पहुंची राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'

**कहा- नफरत और देश को बांटने की बात करती है भाजपा, हम मोहब्बत की बात करते हैं**

एजेंसी



किशनगंज। बिहार में सियासी उलटफेर के बीच राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा किशनगंज पहुंची। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का किया स्वागत। राहुल गांधी ने कहा कि मैं बिहार में ओबीसी समुदाय को बताना चाहता हूं कि 90 अधिकारियों में से केवल 3 ओबीसी से हैं और इस प्रकार ओबीसी के लिए बहुत कम पैसा आवंटित किया गया है। इसीलिए हमने इस दिशा में एक क्रांतिकारी कदम की बात कही है। भारत को अब पता होना चाहिए कि देश में ओबीसी दलितों की सही आबादी कितनी है। इसलिए हम भारत में जाति जनगणना चाहते हैं। राहुल गांधी ने इस यात्रा के लक्ष्य पर पूछे गये पत्रकारों के सवाल कि वे पैदल क्यों चल रहे हैं?, इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यह मोहब्बत का देश है। हमें नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोजनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यात्रा में लाखों लोगों से मिला, लोग अपने दिल का दर्द हमें बताते थे। हिन्दुस्तान की राजनीति पर इस विचारधारा में बहुत असर पड़ा है। एक नई विचारधारा नफरत के खिलाफ मोहब्बत की खड़ी हुई है। राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए कि भाजपा नफरत और देश को बांटने की बात करती है। हम मोहब्बत और देश को जोड़ने की बात करते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि बिना सामाजिक और आर्थिक न्याय के देश तरक्की नहीं कर सकता। केंद्र सरकार के विकास के वायदे झूठे हैं। किशनगंज पहुंचे कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने यात्रा के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा का हमें असम के मुख्यमंत्री से खूब प्रचार मिला।

# कृषि वानिकी से बढ़ेगी किसानों की आय : मुंडा

एजेंसी

- कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया नर्सरी के एक्रीडिएशन प्रोटोकॉल का विमोचन
- स्वैच्छिक कार्बन बाजार को बढ़ावा देने का फ्रेमवर्क तैयार किया है कृषि मंत्रालय ने



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि कृषि वानिकी को बढ़ाकर किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है। इस दिशा में तेजी से काम किया जाना चाहिए।

मुंडा ने सोमवार को कृषि भवन में कृषि क्षेत्र में स्वैच्छिक कार्बन बाजार के लिए फ्रेमवर्क एवं कृषि वानिकी नर्सरी के एक्रीडिएशन प्रोटोकॉल का विमोचन करते हुए कहा कि कृषि वानिकी नर्सरी के एक्रीडिएशन प्रोटोकॉल, देश में कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर रोपण सामग्री के उत्पादन और प्रमाणीकरण के लिए संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करेंगे। मुंडा ने कहा कि देश में कृषि क्षेत्र, अर्थव्यवस्था व करोड़ों लोगों की आजीविका में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। देश के कार्यबल का 54.6 फीसदी कृषि व संबंध क्षेत्रों की गतिविधियों में लगा हुआ है। जीडीपी में जहां कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी 18.6 फीसदी है, वहीं 139.3 मिलियन हेक्टेयर, देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र में से बोया गया क्षेत्र है।

मुंडा ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने छोटे-मझौले किसानों को कार्बन क्रेडिट का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करने की दृष्टि से देश के कृषि क्षेत्र में स्वैच्छिक कार्बन बाजार (वीसीएम) को बढ़ावा देने का फ्रेमवर्क तैयार किया है। किसानों को कार्बन बाजार से परिचित कराने से उन्हें फायदा होने के साथ ही पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने में भी तेजी आएगी। उन्होंने किसानों के हित में कार्बन बाजार को बढ़ावा देने के लिए केंद्र व राज्यों के संबंधित मंत्रालयों सहित अन्य संबद्ध संगठनों से पूर्ण सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों के किसानों के साथ मिलकर उनके लिए सुविधाजनक ढंग से इस दिशा में कार्य किया जाना चाहिए व समाधान के साथ ही हमारे किसानों पर इसका लाभ केंद्रित करने की जरूरत है।

समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



विकास कुमार माली, सचिव
कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी

आगामी कार्यक्रम:-
- 7 फरवरी को गढ़वा के झलुआ छतरपुर में 11 मुस्लिम कन्याओं का निकाह
- 7 दिसंबर 2024 को गढ़वा में 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह

किये गये कार्य
- 6 दिसंबर 2023 को झारखंड के गढ़वा जिला में 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया गया
- अब तक 13000 से अधिक गरीब असहाय कन्याओं का करायी गई शादी
- 2023 में झारखंड के गढ़वा जिला सहित बिहार के भागलपुर, गया, पटना अन्य जगहों पर गरीब असहाय कन्याओं का कराया गया सामूहिक विवाह

संस्था का उद्देश्य
- बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जैसे कुरीतियों को रोकना
- नोट - पलामू प्रमंडल में बेरोजगारों के लिए सुनहरा अवसर, कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के कार्यालय में संपर्क करे मो. न. 7979816009

# धुनों से गूंजा रायसीना हिल्स

**बीटिंग रिट्रीट**

- सेनाओं के संगीत बैंड ने बजायी 31 मनमोहक और थिरकने वाली भारतीय धुनें
- राष्ट्रपति भवन, नॉर्थ ब्लॉक, और साउथ ब्लॉक रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा



**नयी दिल्ली(हि.स.)।** देश के 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के समापन के प्रतीक बीटिंग रिट्रीटसमारोह के दौरान सोमवार को राजसी रायसीना हिल्स सूरज डूबने के साथ भारतीय धुनों का गवाह बना। समारोह में तीनों सेनाओं और सीएपीएफ के संगीत बैंडों ने दर्शकों के सामने 31 मनमोहक और थिरकने वाली भारतीय धुनें बजाईं। राष्ट्रपति भवन, नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा।

सशस्त्र बलों की सुप्रीम कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, थलसेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी, नौसेना प्रमुख आर हरि कुमार समेत वरिष्ठ सैन्य अधिकारी समारोह के साक्षी बने।

### 40 साल बाद बग्घी से पहुंची राष्ट्रपति

यह 40 साल बाद पहला मौका था, जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पारंपरिक बग्घी से समारोह स्थल पर पहुंचीं। गणतंत्र दिवस परेड में भी मुर्मू और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ इसी बग्घी में कर्तव्य पथ पर पहुंचीं थीं। भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना के संगीत बैंडों की भारतीय धुनों को सुनने के लिए बड़ी संख्या में पासधारक दर्शक भी मौजूद रहे। समारोह की शुरूआत सामूहिक बैंड की शंखनाद धुन के साथ हुई, जिसके बाद पाइप्स बैंड ने वीर भारत संगम दूर, देशों का सरताज भारत, भागीरथी और अर्जुन जैसी मनमोहक धुनें बजाईं। सीएपीएफ बैंड ने भारत के जवान और विजय भारत धुन बजाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वायु सेना बैंड ने टाइगर हिल, रेजॉइस इन रायसीना और स्वदेशी बजाकर लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। दर्शकों ने नौसेना बैंड की आईएनएस विक्रांत, मिशन चंद्रयान, जय भारती और हम तैयार हैं सहित कई धुनें सुनकर देश भक्ति की भावना का इजहार किया।

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रकाश कुमार
पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य झारखंड प्रदेश सह सांसद प्रतिनिधि ओरमांझी









# रणबीर और आलिया को मिला सर्वश्रेष्ठ फिल्मफेयर अवॉर्ड

एजेंसी



- फिल्म एनिमल के लिए रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और आलिया भट्ट को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया
- विक्की कौशल को फिल्म डंकी के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला

**मुंबई।** बॉलीवुड के रॉकस्टार अभिनेता रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और आलिया भट्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर अवार्ड मिला। 69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड गुजरात के गांधी नगर में संपन्न हुआ। फिल्म एनिमल के लिए रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता जबकि आलिया भट्ट को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया ।फिल्म 12 वीं फेल को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया गया ।विधु विनोद चोपड़ा को 12वीं फेल के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

विक्की कौशल को फिल्म डंकी के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला जबकि शबाना आजमी को फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में सपोर्टिंग रोल के लिए अवॉर्ड मिला ।बेस्ट प्लेबैक (मेल) का फिल्मफेयर अवॉर्ड 'एनिमल' के 'अर्जन वैली' के लिए भूपिंदर बब्बल को मिला। वहीं बेस्ट प्लेबैक (फीमेल) का फिल्मफेयर अवॉर्ड 'पठान' के 'बेशरम रंग' के लिए शिल्पा राव को दिया गया।

बेस्ट म्यूजिक एल्बम का फिल्मफेयर अवॉर्ड 'एनिमल' के लिए प्रीतम, विशाल मिश्रा, मनन भारद्वाज, श्रेयस पुराणिक, जानी, भूपिंदर बब्बल, आशिम केमसन, हर्षवर्द्धन रामेश्वर और गुरिंदर सीगल को मिला ।बेस्ट डायलॉग का फिल्मफेयर अवॉर्ड 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के लिए इशिता मोइत्रा ने जीता।

बेस्ट फिल्म (क्रिटिक्स) का फिल्म फेयर अवॉर्ड मनोज वाजपेयी की फिल्म जोरम को मिला ।विक्रांत मेस्सी को फिल्मफेयर बेस्ट एक्टर मेल (क्रिटिक) का अवार्ड दिया गया ।रानी मुखर्जी को फिल्मफेयर बेस्ट एक्टर फीमेल (क्रिटिक) मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे के लिए दिया गया ।बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर का अवॉर्ड तरुण डुडेजा को धक धक के लिए मिला ।बेस्ट डेब्यू फीमेल का फिल्मफेयर अवॉर्ड सलमान खान की भांजी अलीजेह को दिया गया ।आदित्य रावल को फिल्म फराज के लिये बेस्ट डेब्यू मेल का पुरस्कार दिया गया ।'जरा हटके जरा बचके' के 'तेरे वास्ते' के लिए अमिताभ भट्टाचार्य को बेस्ट सॉन्ग का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। बेस्ट डायलॉग का फिल्मफेयर अवॉर्ड 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के लिए इशिता मोइत्रा ने जीता। निर्देशक डेविड धवन को फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। बेस्ट स्क्रीनप्ले का पुरस्कार विधु विनोद चोपड़ा को 12वीं फेल के लिये दिया गया ।अपकमिंग म्यूजिक टैलेंट (आरडी बर्मन अवॉर्ड) श्रेयस पुराणिक को एनिमल के गाना सतरंगा के लिये जीता।

